उज्जैन
सोमवार
13
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-159
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र




आशा भोसले का राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार आज मुंबई के शिवाजी पार्क में शाम 4 बजे दी जाएगी मुखाग्नि, मल्टी-ऑर्गन फेल्योर से कल निधन हुआ

पेज- 8




## खबर एक नजर...

### जिलाबदर को रासुका में भेजा जेल

**उज्जैन।** महिदपुर थाना क्षेत्र के बदमाश सलमान को अपराधिक गतिविधियों के चलते कुछ माह पहले 6 माह के लिये जिलाबदर किया गया था। शनिवार-रविवार रात रात्रि गश्त के दौरान जिलाबदर बदमाश के गंगावाड़ी मेला ग्राउंड डीपी के पास घूमते हुए एसआई सुखसेन अरियाम को दिखाई दिया। एसआई ने गश्त टीम के साथ घेराबंदी कर जिलाबदर बदमाश को पकड़ा और थाने लेकर आये। थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार ने बताया कि बदमाश के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया है।

### ऋषिनगर में फंदे पर लटकी मिला नवविवाहिता महिला

**उज्जैन।** घर पर अकेली नवविवाहिता ने रविवार दोपहर को फांसी लगा ली। परिजन घर लौटते तो उसका शव रस्सी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। गुना में रहने वाले मायके पक्ष के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। माधवनगर थाना प्रधान आरक्षक रवि शर्मा ने बताया कि दोपहर में ऋषिनगर में रहने वाली शालू पति दीपक शर्मा 26 साल का शव घर के कमरे में लटका होने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। इस दौरान सामने आया कि शालू का पति एमपीईबी में पदस्थ है। परिवार के सभी सदस्य बाहर गये थे, शालू घर पर अकेली थी, लौटने दरवाजा खुला हुआ था, अंदर कमरे में जाने पर शालू लटकी मिली। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि शालू और दीपक का चार साल पहले विवाह हुआ था। मायका गुना में है। घटना से मायके पक्ष को अवगत कराया गया है। उनके आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। जिस कमरे में फांसी लगाई गई है उसे सील कर दिया गया है। फिलहाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मायके पक्ष के बयान दर्ज किये जायेगें।

### तापमान में आने लगी तेजी

**उज्जैन।** मौसम साफ होने पर 2 दिनों से तापमान में तेजी दर्ज की जा रही है। रविवार को अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले 10 अप्रैल को तापमान 35 डिग्री दर्ज हुआ था। मौसम विभाग के अनुसार पिछले दिनो पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते तापमान में कमी आई थी। लेकिन अब मौसम पूरी तरह से साफ है, जिसके चलते तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है।

### तेजगति से आये टैंकर ने तीन वाहनों को मारी टक्कर

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रूई में भैरू महाराज मंदिर के सामने उन्हेल रोड पर रात 2.30 बजे तेजगति से दौड़ते टैंकर ने मार्ग पर बने घरों के सामने खड़ी स्वीफ्ट डिजायर, मारूति सुपर केवी और महिन्द्रा गाडी को टक्कर मार क्षतिग्रस्त कर दिया। तीन वाहनों को टक्कर मारने के बाद टैंकर चालक भाग निकला। तीन वाहन क्षतिग्रस्त होने पर भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मामले में स्वीफ्ट मालिक पंकज पिता सुभाष जैन की शिकायत पर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आशंका जताई जा रही है कि टैंकर चालक नशे में हालत में था, जो रफ्तार पर नियंत्रण नहीं रख पाया था।

### सभा में कुशवाह समाज के उत्थान पर रखे विचार

**उज्जैन।** कुशवाह समाज जिला परिषद खरगोन, धार व बड़वानी की वार्षिक आमसभा शनिवार को बड़वानी जिले के राजपुर प्रभाग के ग्राम नागलवाड़ी में हुई। इसमें तीन जिलों के 65 गांव के समाजजन पहुंचे व समाज को मजबूत बनाने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की शुरूआत आराध्य देव भगवान लव कुश की प्रतिमा के पूजन व दीप प्रज्वलन से हुई। आय-व्यय पत्रक के वाचन के बाद जिलाध्यक्ष रमेशचंद्र कुशवाह ने समाज उत्थान पर विचार रखे। मजबूत व गौरवशाली समाज बनाने और शिक्षा व संस्कार पर जोर दिया। समाज में सनातन को सर्वदा कायम रखने की बात कही। इसी दौरान स्वास्थ्य संजीवनी पुस्तक का विमोचन किया गया। इसमें स्वास्थ्य को जीवन का आधार, बड़ा धन व अनमोल रतन कहा गया।

# पंचक्रोशी यात्रा शुरू, महापौर पैदल हुए शामिल

## श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन, पेयजल, छांव और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में 12 अप्रैल से पंचकोशी यात्रा का शुभारंभ हो गया है। महापौर मुकेश टटवाल ने नागचन्द्रेश्वर मंदिर से पूजन कर यात्रा प्रारंभ की और स्वयं पैदल इसमें शामिल हुए। श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न पड़ावों पर निःशुल्क भोजन, पेयजल, छांव और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

धर्म नगरी उज्जैन में यह यात्रा आस्था और परंपरा का प्रतीक मानी जाती है। रविवार सुबह तक 25 हजार से अधिक यात्री त्रिवेणी घाट शनि मंदिर पहुंच चुके थे, जहां स्नान और पूजन के बाद वे आगे बढ़े। यात्रियों का आगमन लगातार जारी रहा।

यात्रा की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शनिवार रात कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ यात्रा के पहले पड़ाव पिंगलेश्वर का दौरा किया। उन्होंने यात्रियों से चर्चा कर




उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। पटनी बाजार स्थित नागचन्द्रेश्वर मंदिर से यात्रा की औपचारिक शुरूआत हुई। महापौर मुकेश टटवाल ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और पवित्र नदियों के जल से भरा कलश हाथ में लेकर श्रद्धालुओं के साथ पैदल यात्रा में हिस्सा लिया।



### यात्रियों को स्वच्छता का संदेश

- इस दौरान महापौर ने स्वच्छता का संदेश भी दिया। उन्होंने यात्रियों को कपड़े के झोले वितरित किए और पॉलिथीन का उपयोग न करने की अपील की। इसका उद्देश्य धार्मिक आयोजन के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था।
- श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। पंचकोशी यात्रा के प्रमुख पड़ाव श्री कायावहरणेश्वर महादेव मंदिर और करोहन पर निःशुल्क भोजन प्रसादी वितरण के लिए स्टॉल लगाए गए हैं, जहां शुद्ध भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।
- यात्रा मार्ग पर पेयजल, छांव, बैठने की व्यवस्था और मेडिकल टीमें भी तैनात की गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। प्रशासन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप पूरी मुस्तैदी के साथ इन व्यवस्थाओं का संचालन कर रहा है।

# 1016 जगह दिखी नरवाई में आग

## 19 किसानों पर 57 हजार जुर्माना, 852 चिह्नित

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

नरवाई जलाने वालों की सैटेलाइट से हो रही मॉनीटरिंग में पिछले एक माह में 1016 प्रकरण सामने आए हैं। इनमें से औसतन 15% मामूली आग को हटाते हुए 852 किसानों को चिह्नित किया। नरवाई जलाने वाले 19 किसानों पर प्रशासन ने 57 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

सैटेलाइट रिपोर्ट की पुष्टि के बाद 852 नरवाई जलाने के मामले में 19 किसानों पर कार्रवाई के बाद शेष पर भी कार्रवाई की तैयारी है। 22 किसानों को एसडीएम स्तर से नोटिस जारी हो चुके हैं। वहीं 133 किसानों के पंचनामे तैयार हैं। नोटिस देकर 2500 से 15 हजार रु. जुर्माने की कार्रवाई होगी।

**कार्रवाई गलत :** मामले में किसानों ने विरोध भी किया था। भाकिसं के प्रांत महामंत्री भारतसिंह बैस ने आरोप लगाया सरकार नरवाई नष्ट करने के उपकरण उपलब्ध कराने के बजाय कार्रवाई कर



रही है। यह गलत है। उप संचालक कृषि यूएस तोमर ने बताया सैटेलाइट रिपोर्ट पर कार्रवाई हो रही है।

सबसे ज्यादा खाचरौद में 45 पंचनामा, महिदपुर में एक भी नहीं- सैटेलाइट रिपोर्ट के बाद विभागीय स्तर पर 133 पंचनामा में सबसे ज्यादा खाचरौद ब्लॉक में 45 पंचनामे बने हैं, जबकि महिदपुर में एक भी नहीं बना। उज्जैन में 38, तराना में 35, घट्टिया में 10 और बड़नगर में 5 पंचनामा बनाकर टीम ने एसडीएम कार्यालय पहुंचा दिए हैं। यहां से सभी को नोटिस जारी होंगे।

# योग आत्म जागरण की साधना




**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

योग आत्म जागरण की साधना है। नई पीढ़ी के योग व परंपराओं से जुड़ने पर ही आत्मनिर्भर, आत्म जाग्रत राष्ट्र बनेगा। भारत के हठयोग के कारण विश्व बन रहा है निरोग। योग के माध्यम से शांति एवं आनंद का वातावरण निर्मित किया जा सकता है। योग 90 प्रतिशत अभ्यास और 10 प्रतिशत सिद्धांत है। उक्त प्रभावी उदगार ब्रह्म योग फिट द्वारा आयोजित विशेष ध्यान सत्र शिविर में गऊघाट जंतर मंतर पर योग मार्गदर्शक एवं मेडिटेशन योगाचार्य डॉक्टर रघुवीर पटेल ने योग साधकों के मध्य व्यक्त किये।

प्राकृतिक सौंदर्य शिप्रा के तट गउघाट पर मेडिटेशन शिविर का आयोजन किया गया। योग एक्सपर्ट प्रीति बम्बोड़ी ने विभिन्न प्रकार के योग का प्रदर्शन करते हुए कहा कि योग खुद से सच्ची मुलाकात का जरिया है, यह जाग्रत करता है और शरीर को ऊर्जा से लबरेज रखता है। इस अवसर पर योगाचार्य डॉ. रघुवीर पटेल का शाल, श्रीफल, दुपट्टा, माला एवं मोमेंटो प्रदान विशेष अभिनंदन किया गया। अतिथि स्वागत प्रीति संजय बम्बोड़ी, वरिष्ठ पत्रकार अशोक त्रिपाठी, मंजू यादव ने किया। आभार प्रदर्शन रचना परमार ने किया। संपूर्ण आयोजन के सूत्रधार स्वामी मुस्कुराके शैलेंद्र व्यास थे।

# शहर को ग्रीन बनाने लगाएंगे 25 लाख पौधे

## सिंहस्थ की तैयारी - 2 साल में पूरा होगा लक्ष्य, ठेकेदार पर देखरेख की जिम्मेदारी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

शहर में नगर निगम को इस साल 10 लाख और अगले वर्ष 15 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया है। इस तरह दो वर्षों में सिंहस्थ से पहले 25 लाख पौधारोपण कर शहर की हरियाली बढ़ाने की तैयारी है।

इस अभियान के लिए नगर निगम और नगरीय प्रशासन विभाग संयुक्त रूप से बजट उपलब्ध कराएंगे। निगम के पास सड़क चौड़ीकरण के दौरान पेड़ काटने के एवज में मिले 2 करोड़ रुपए है। इसके अलावा शासन स्तर से भी अतिरिक्त फंड उपलब्ध कराया जाएगा।



पौधारोपण के लिए शहर में खाली और अनुपयोगी जमीनों देख रहे हैं। नगर निगम द्वारा विभिन्न स्थानों का सर्वे कर सूची तैयार की जा रही है। जून से मानसून के साथ ही पौधारोपण अभियान की शुरूआत की जाएगी। इस बार निगम केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उनकी देखरेख और संरक्षण पर भी विशेष फोकस रहेगा।

पौधारोपण का कार्य ठेकेदार के माध्यम से कराया जाएगा, जिसे पौधे लगाने के बाद दो वर्षों तक उनकी सुरक्षा, सिंचाई और रखरखाव की जिम्मेदारी दी जाएगी।

अभी विवि परिसर, तरणताल सहित 10 जगह चयनित की नगर निगम अपर आयुक्त संदीप शिवा के अनुसार प्रारंभिक चरण में विक्रम विश्वविद्यालय परिसर, तरणताल क्षेत्र, एमआर-5 रोड, चकोर पार्क सहित करीब 10 प्रमुख स्थलों का चयन किया है। इसके अलावा शहर के लगभग 400 उद्यानों में उपलब्ध खाली भूमि का उपयोग भी किया जाएगा। हर जोन में करीब 20 स्थानों को चिह्नित किया जाएगा, जिनमें सड़क किनारे, चौराहे और निगम की अन्य खाली जमीनें शामिल होंगी।

उज्जैन
सोमवार
13
अप्रैल, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

पठतो नास्ति मूर्खत्वं अपनो नास्ति पातकम्।
मौनिनः कलहो नास्ति न भयं चास्ति जाग्रतः।।

**अर्थः** पाठक मूर्ख नहीं है; जप करने वाले को बुरा नहीं लगता; जो चुप रहता है वह झगड़ा नहीं करता; और जो जाग रहा है उसे कोई भय नहीं है।

## अमेरिका आज से होर्मुज स्ट्रेट पर नाकेबंदी करेगा ईरान की नौसेना खत्म

**वाशिंगटन।** अमेरिका आज से होर्मुज स्ट्रेट पर नाकेबंदी लागू करने जा रहा है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, भारतीय समयानुसार शाम



7:30 बजे से ईरान के बंदरगाहों की ओर आने-जाने वाले जहाजों को रोका जाएगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि नाकेबंदी का मकसद ईरान की तेल बिक्री रोकना है। ट्रम्प के मुताबिक, कई अन्य देश भी इस प्रयास में अमेरिका का साथ दे रहे हैं। ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान की सैन्य ताकत को भारी नुकसान हुआ है और उसकी नौसेना लगभग खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 158 जहाज तबाह किए जा चुके हैं। इस बीच वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में हुई वार्ता के विफल होने के बाद अमेरिका ईरान पर दोबारा सैन्य हमले करने पर भी विचार कर रहा है।

## मध्यप्रदेश के भोपाल से उड़ा गिद्ध पाकिस्तान पहुंचा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के भोपाल से उड़ा एक गिद्ध पाकिस्तान पहुंच गया है। राजस्थान के रास्ते पाक के खानेवाल जिले में गिद्ध मिला। वन विहार नेशनल पार्क को इसकी तब जानकारी लगी, जब गिद्ध में लगे जीपीएस का सिग्नल नहीं मिला। गिद्ध को भोपाल के पास हलाली डैम से 30 मार्च को छोड़ा गया था। यह गिद्धों को उनके बसेरों में छोड़ने के लिए एक वैज्ञानिक रूप से चयनित स्थल है। रिलीज के बाद यह गिद्ध राजस्थान होते हुए अंतरराष्ट्रीय सीमाएं पार कर 6 अप्रैल तक पाकिस्तान पहुंच गया। 7 अप्रैल को जब इसके मूवमेंट का सिग्नल प्राप्त नहीं हुआ, तब डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया को तत्काल सूचित किया गया। इसके बाद डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया ने अपने समकक्ष संगठन डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-पाकिस्तान से संपर्क स्थापित किया।

## करोड़ों की रंगदारी मांगने वाला आरोपी गुरुग्राम से गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में करोड़ों रुपये की रंगदारी मांगने के सनसनीखेज मामले में पुलिस को बड़ी



सफलता हाथ लगी है। करीब एक साल से फरार चल रहे 20 वर्षीय आरोपी को हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले की सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि पीड़ितों को भेजे गए धमकी भरे वॉइस मैसेज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से तैयार किए गए थे, जिससे जांच एजेंसियां भी कुछ समय तक भ्रमित रहीं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नमन के रूप में हुई है, जो हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के कनीना का रहने वाला बताया जा रहा है।

## पाकिस्तान को 46,500 करोड़ की मदद देंगे सऊदी-कतर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को सऊदी अरब और कतर से 5 अरब डॉलर (लगभग 46,500 करोड़ रुपए) की वित्तीय मदद मिलेगी। यह मदद ऐसे समय में आ रही है, जब देश को इस महीने के अंत तक वअए को 3.5 अरब डॉलर (लगभग 29,000 करोड़ रुपए) चुकाने हैं। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की कमजोर विदेशी मुद्रा स्थिति संभालने के लिए यह मदद अहम मानी जा रही है। वअए ने हाल ही में कर्ज रोलओवर की नीति में बदलाव किए थे। इसके बाद पाकिस्तान ने अप्रैल तक वअए का 3.5 अरब डॉलर का कर्ज चुकाने का फैसला किया। तय शेड्यूल के मुताबिक 23 अप्रैल तक पाकिस्तान को इस कर्ज की आखरी किस्त देनी है। इसका मतलब कर्ज चुकाने के लिए सिर्फ 11 दिन का समय बाकी है।

# वायरल गर्ल लापता

## बढ़ सकती हैं फरमान की मुश्किलें, मां बोली- फरमान की वजह से बेटी लापता, अधिवक्ता एपी सिंह ने संगठित रैकेट बताया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वायरल गर्ल के लापता होने के बाद पति फरमान खान की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। खरगोन में वायरल गर्ल की मां ने भावुक अपील करते हुए कहा है कि मेरी बेटी लापता है, वह जहां भी है घर लौट आओ। मां ने फरमान को इसका पूरा जिम्मेदार बताया है।

वहीं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एपी सिंह रविवार को उज्जैन पहुंचे। एपी सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले में अपनी बात रखी। एपी सिंह ने नाबालिग का धर्मांतरण कराने के मामले को एक संगठित रैकेट बताया। उन्होंने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

अधिवक्ता एपी सिंह ने बताया कि वे महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए उज्जैन आए थे, जहां उन्हें हाल ही में सामने आए इस मामले की जानकारी मिली। उनके अनुसार, एक नाबालिग आदिवासी लड़की का कथित तौर पर



धर्म परिवर्तन कराकर विवाह कराया गया है, जिसे उन्होंने गंभीर अपराध की श्रेणी में रखा। राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय दलित आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग और आदिवासी आयोग ने इस पर संज्ञान लिया है। जांच में सामने आया कि पीड़िता की दर्ज जन्मतिथि 30 फरवरी 2009 है, जबकि विवाह की तिथि 19 मार्च 2026 दर्ज की गई। इन दस्तावेजों के आधार पर पीड़िता की उम्र लगभग 16 वर्ष पाई गई, जिससे उसके नाबालिग होने की पुष्टि होती है।

अधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में पॉक्सो एक्ट, एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम और यौन शोषण से संबंधित गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। इसके अतिरिक्त, महेश्वर थाना से जुड़े दो अधिकारियों को फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप में निलंबित भी किया गया है। मामले में कुछ संगठनों और राजनीतिक तत्वों की भूमिका को भी संदिग्ध बताया गया है।

### मां बोली- फरमान की सोची-समझी साजिश

वायरल गर्ल के लापता होने के मामले में मां ने फरमान खान को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने प्रशासन से मदद मांगी है।
मां ने कहा कि सोशल मीडिया पर जो भी वीडियो चल रहे हैं, वे सब फरमान की एक सोची-समझी साजिश हैं। फरमान जानबूझकर झूठ फैला रहा है ताकि जांच को भटकाया जा सके। उन्होंने सरकार से मांग की है कि उनकी बेटी को जल्द से जल्द ढूंढकर उन्हें सौंपा जाए।

### नाबालिग होने की हुई थी पुष्टि

यह मामला पहले भी काफी चर्चा में रहा है क्योंकि राष्ट्रीय जनजातीय आयोग की जांच में नाबालिग होने की बात सामने आई थी। इसके बाद हिंदू संगठनों ने इसे 'लव जिहाद' का मामला बताते हुए काफी विरोध प्रदर्शन किया था। अब अजमेर के पुष्कर से वायरल गर्ल के गायब होने और फरमान के 'ढूंढने वाले' वीडियो ने मामले को फिर से गरमा दिया है।

## घूरकर देखने पर दोस्तों के सामने चाकू मारकर हत्या

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में घूरकर देखने पर चाय पी रहे युवक की हत्या कर दी गई। आरोपी ने युवक पर चाकू से कई वार किए। सीने में गहरे घाव हुए और अधिक खून बहने से मौके पर मौत हो गई। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के शुक्ला चौक का है।

जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान 21 वर्षीय साहिल पिता अय्यूब शाह, निवासी मदारपुरा के रूप में हुई है। हमले में रहीम (पिता मुन्ना शाह) भी घायल हुआ। आरोपी ने उसके हाथ और अन्य जगहों पर वार किए, जिससे उसे



गंभीर चोटें आईं। परिजन के मुताबिक, साहिल शाम करीब 6:30 बजे यह कहकर घर से निकला था कि वह थोड़ी देर में लौट आएगा। कुछ ही घंटों बाद उसकी मौत की खबर घर पहुंच गई। साहिल की शादी तीन महीने पहले हुई थी। वारदात के बाद परिवार में मातम है। मां शव को पकड़कर रोती रही।

### रात करीब 8 बजे विवाद के बाद हमला

घायल दोस्त रहीम ने बताया, रात करीब 8 बजे शुक्ला चौक के पास साहिल और साथी चाय की दुकान पर बैठे थे, तभी अमन शाह नाम का युवक बाइक से पहुंचा। उसने साहिल पर घूरकर देखने का आरोप लगाया। बिना बहस के चाकू से हमला कर दिया। हमला इतना तेज था कि साहिल संभल नहीं पाया। आरोपी ने सीधे सीने पर वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बीच-बचाव करने आए रहीम भी हमले में घायल हो गया।

## ट्रक-बस की टक्कर में 6 बारातियों की मौत

### टकराने के बाद बस पर गिरा, लोग अंदर दबे, गाड़ी काटकर निकाले गए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हापुड़

यूपी के हापुड़ में रविवार देर रात 1.30 बजे बारातियों से भरी बस को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में 5 बारातियों समेत 6 की मौके पर मौत हो गई। 7 गंभीर हैं। बारात गाजियाबाद के डासना से बुलंदशहर के गुलावठी गई थी।

बस में 20 से 25 बाराती थे। शादी के बाद वापस लौटते वक्त बस रोड किनारे खड़ी थी। 10-12 लोग नीचे उतरे थे। रास्ता काफी सकरा था। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक



ने बस को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक बस पर पलट गया।

भारी भरकम ट्रक के पलटने पर बस पिचक गई। बाराती अंदर दब गए। चीख-पुकार मच गई। बाहर खड़े बारातियों ने पुलिस को सूचना दी। बस के शीशे तोड़कर कुछ लोगों को बाहर निकाला गया। कुछ बाराती इस कदर फंस गए थे कि गाड़ी को गैस कटर से काटकर उनको रेस्क्यू किया गया। घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। हादसा हापुड़ जिला मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर धौलाना थाने में धौलाना-गुलावठी रोड पर हुआ।

## मध्यप्रदेश में अब लू चलेगी

### 16 अप्रैल से भीषण गर्मी, भोपाल, इंदौर-उज्जैन संभाग के शहरों में पारा बढ़ा, रतलाम में 41 डिग्री तक पहुंचा तापमान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

आंधी-बारिश का दौर खत्म होते ही मध्य प्रदेश में तेज गर्मी का असर शुरू हो गया है। रविवार को 5 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार रहा। रतलाम में सबसे ज्यादा 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र भोपाल की माने तो प्रदेश में अब भीषण गर्मी पड़ेगी। 16 अप्रैल से हीट वेव यानी, लू का असर शुरू होगा। मौसम विभाग के अनुसार, मालवा-निमाड़ यानी, इंदौर और उज्जैन संभाग के शहर सबसे गर्म हैं। रविवार को इन्हीं शहरों में पारा बढ़ा हुआ रहा। धार, मंडला-नर्मदापुरम में 40.2 डिग्री, दमोह, रीवा-टीकमगढ़ में 39.5 डिग्री, खरगोन में 39.2 डिग्री, रायसेन, छिंदवाड़ा, उमरिया, सतना और मलाजखंड में पारा 39 डिग्री, बैतूल-सागर में 38.8 डिग्री, गुना-शाजापुर में 38.4 डिग्री, नौगांव में 38.2 डिग्री, खंडवा में 38.1 डिग्री, सिवनी-सीधी में 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश के 5 बड़े शहरों की बात करें तो इंदौर में सबसे ज्यादा 39.2 डिग्री, भोपाल में 38.6 डिग्री, ग्वालियर में 36.1 डिग्री, उज्जैन में 38.5 डिग्री और जबलपुर में पारा 38.7 डिग्री सेल्सियस रहा।

## सेंसेक्स 1500 अंक गिरकर 76,000 पर कारोबार कर रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन आज यानी सोमवार 13 अप्रैल को सेंसेक्स 1500 अंक (1.98%) की गिरावट के साथ 76,000 पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 450 अंकों (1.98%) की गिरावट है, ये 23,590 पर आ गया है। आज के कारोबार में सरकार बैंक के शेयरों में बिकवाली है।

मिडिल-ईस्ट में तनाव कम करने के लिए ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान में चल रही 21 घंटे की लंबी बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि वे बिना किसी डील के वापस लौट रहे हैं। इसका सीधा असर दुनियाभर के बाजारों पर दिख रहा है। शेयर बाजार में 10 अप्रैल को तेजी रही। सेंसेक्स 919 अंक (1.20%) नीचे 77,550 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 276 अंक (1.16%) गिरकर 24,051 पर आ गया।

## रिवर फ्रंट के रूप में विकसित होंगे शिप्रा के घाट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ की तैयारियों के तहत शिप्रा नदी के घाटों को रिवर फ्रंट के रूप में विकसित किया जाएगा जो 9 किमी लंबा होगा। 64.24 करोड़ से घाट क्षेत्र का पुनर्विकास कर बनाया जाएगा। इस काम को 18 महीनों में पूरा करने लक्ष्य है। प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद फिलहाल ठेकेदार चयन की प्रक्रिया जारी है।

दरअसल, ननि ने वाटर रिजुवेनेशन प्रोजेक्ट के तहत तैयार इस परियोजना का मूल फोकस शिप्रा के पारिस्थितिक संतुलन को सुधारते हुए उसकी धार्मिक गरिमा को संरक्षित करना है। योजना के मुताबिक 9 किमी लंबे पुराने घाटों की मरम्मत कर पारंपरिक पत्थर की शैली में छत्रियां, मंडप, मेहराब और शेड बनाए जाएंगे। नदी के



### 6 माह में लगेंगे दिशा सूचक बोर्ड और साइन बोर्ड

अगले 6 महीनों के भीतर सभी प्रमुख मार्गों पर दिशा सूचक चिन्ह और वेरिएबल मैसेजिंग साइन (सीएमएस) बोर्ड लगाना अनिवार्य किया गया है।

किनारों पर लैंडस्केपिंग, हरित बफर जोन और पैदल प्रोमोनेड विकसित कर घाटों को एकीकृत रिवर फ्रंट का स्वरूप दिया जाएगा। इसके अलावा सीनियर सिटीजन और दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए रैम्प, रेलिंग और बैरियर फ्री पहुंच मार्ग बनाए जाएंगे जिससे भीड़ के दौरान भी सुरक्षित एवं आसान आवागमन हो सके। रिवर फ्रंट बनने के बाद शहर केवल धार्मिक स्थल नहीं बल्कि सांस्कृतिक एवं पर्यटन के रूप में और अधिक विकसित होगा। निर्माण के बाद संबंधित एजेंसी को पांच सालों तक संचालन और रखरखाव करना होगा। शुरूआत दो वर्ष डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड होंगे जिसमें किसी भी प्रकार की तकनीकी कमी की जवाबदेही एजेंसी की रहेगी। गुणवत्ता नियंत्रण, सुरक्षा मानक और पर्यावरण से संबंधित निर्देशों का अनिवार्यतः पालन करना होगा।

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, सोमवार 13 अप्रैल, 2026



## खबर एक नजर...

### नन्ही काशी को बचाने के लिए उठे मदद के हाथ, 15 करोड़ जुटाने टावर पर हुआ चैरिटी शो

**उज्जैन।** स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही नन्ही बिटिया काशी का जीवन बचाने के लिए शहर के सामाजिक संगठन आगे आए हैं। इसी कड़ी में हारमोनियम बिट्स एवं 'हम परिवार' की ओर से टावर पर एक भावुक चैरिटी शो का आयोजन किया गया। काशी की इस दुर्लभ बीमारी के इलाज के लिए लगभग 15 करोड़ रुपए की आवश्यकता है, जो किसी एक परिवार के लिए संभव नहीं है। ऐसे में जनसहयोग के माध्यम से ही उसे नई जिंदगी मिल सकती है।

इस नेक पहल का नेतृत्व हारमोनियम बिट्स संस्था की अध्यक्ष प्रीति दीक्षित कर रही हैं। इस मुहिम के तहत दो दिवसीय चैरिटी कार्यक्रम आयोजित किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग जुड़कर मदद के लिए आगे आएं। आयोजकों ने बताया कि टावर पर आयोजन के बाद आज 13 अप्रैल को 24 खंबा पर भी चैरिटी शो किया जाएगा। संस्था ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपनी छोटी-छोटी मदद से काशी के लिए बड़ी उम्मीद बनें, क्योंकि एक छोटा सा कदम किसी को पूरा जीवन दे सकता है।

### नई कार्यकारिणी की घोषणा, कौशल वर्मा बने सचिव

**उज्जैन।** भारतीय डाक कर्मचारी संघ के मालवा संभाग का द्विवार्षिक अधिवेशन उज्जैन में आयोजित किया गया। अधिवेशन में पूरे संभाग के डाक कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान कर्मचारियों की डीए और पे कमीशन की लंबित मांगों पर प्रमुखता से चर्चा की गई और संभाग की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।

अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में नई दिल्ली से आए सेक्रेटरी जनरल अनंत पाल सिंह, जनरल सेक्रेट्री ख्याली लाल शर्मा और परिमंडल सचिव झुझार सिंह राजपूत उपस्थित थे। अतिथियों के सानिध्य में नई कार्यकारिणी की सर्वसम्मति से घोषणा की गई। इसमें पी3 संवर्ग में पंकज खामगल को अध्यक्ष, कौशल वर्मा को सचिव और राहुल भिलाला को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार पोस्टमैन संवर्ग में अशोक शर्मा को अध्यक्ष, लोकेश राठौर को सचिव एवं राम प्रसाद बलौदिया को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### पंच परिवर्तन के सूत्रों से राष्ट्र को नई दिशा देगा संघः आलोक कुमार

# शताब्दी वर्ष में पांच विषयों पर कार्य का संकल्प, डॉ. हेडगेवार स्मृति व्याख्यानमाला का समापन






ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

डॉ. हेडगेवार जन्म शताब्दी स्मृति सेवा न्यास के प्रकल्प के तहत आयोजित तीन दिवसीय डॉ. हेडगेवार स्मृति व्याख्यानमाला-2026 का रविवार रात समापन हो गया। नीलगंगा रोड स्थित लोकमान्य तिलक विद्यालय में आयोजित समापन समारोह में 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघड्ड नए क्षितिज' विषय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार ने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सनदी लेखाकार अजय कुमार जैन ने की।

आलोक कुमार ने कहा कि संघ का मूल कार्य व्यक्ति और संस्कार निर्माण है। शाखाओं के जरिए स्वयंसेवकों में देशभक्ति, अनुशासन, सेवा और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भाव जगाया जाता है। संघ का उद्देश्य सिर्फ संगठन का विस्तार करना नहीं, बल्कि समाज को संगठित कर राष्ट्र को परम वैभव के शिखर तक पहुंचाना है। परम वैभव से आशय ऐसे राष्ट्र से है जहां हर नागरिक को रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार मिले, साथ ही देश की रक्षा, अर्थव्यवस्था और विज्ञान भी सशक्त हो।

आलोक कुमार ने स्पष्ट किया कि देश में परिवर्तन केवल राजनीति से नहीं, बल्कि जागृत और संगठित समाज से ही संभव है। संघ चाहता है कि स्वयंसेवकों जैसा अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव आम नागरिकों में भी विकसित हो। किसी भी संकट या राष्ट्रीय अवसर पर समाज खुद आगे बढ़कर राष्ट्रहित में काम करे।

उन्होंने बताया कि संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संगठन ने अगले 15-20 वर्षों के लिए समाज जीवन से जुड़े पांच प्रमुख विषयोंझ नागरिक अनुशासन, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण और 'स्व' का बोध पर व्यापक कार्य करने का निर्णय लिया है। शताब्दी वर्ष में संघ देशभर में व्यापक गृह संपर्क अभियान चला रहा है। इसके तहत करोड़ों परिवारों के साथ-साथ प्रबुद्ध नागरिकों, शिक्षाविदों, प्रशासनिक अधिकारियों, न्यायविदों और उद्योगपतियों से भी संवाद स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लंबे संघर्ष और आक्रमणों के दौर से निकलकर आज भारत विश्व के सबसे सशक्त देशों में अपना स्थान बना चुका है।

## 1008 ब्राह्मण के द्वारा शिव शक्ति महामृत्युंजय महायज्ञ संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी शिप्रा तट के समीप शहनाई गार्डन में रविवार सुबह सनातन संसार द्वारा आयोजित शिव शक्ति महामृत्युंजय महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ आचार्य वैदिक आचार्य पंडित धनीराम शास्त्री ने बताया कि 1008 वेदज्ञ ब्राह्मण एक साथ एक संकल्प के साथ एक अग्नि की शक्ति से इस ऐतिहासिक महायज्ञ को संपन्न कर रहे हैं। यह महायज्ञ सनातन धर्म की पुनर्स्थापना, विश्व शांति, राष्ट्र कल्याण और समस्त प्राणियों के मंगल के लिए समर्पित है देश के कोने-कोने से आए 1008 वेदज्ञ ब्राह्मण के मुख्य से निकले वेद मंत्र आज इस पवित्र धरती को और भी पावन बना रहे हैं जो भी श्रद्धालु इस एक यज्ञ नहीं देख रहे

वह सनातन इतिहास के उसे अध्याय के साक्षी बन रहे हैं जो आने वाली पीढ़ियां याद रखेगी महाकाल की असीम कृपा से आज इस महायज्ञ की आहुतियां आपके घर तक पहुंचेगी आपके परिवार को सुरक्षा मिलेगी



आपके जीवन में सुख समृद्धि का आगमन होगा। और आपके हर संकट का निवारण होगा। इस महायज्ञ का संकल्प है सभी सनातनियों तक धर्म को पहुंचना धर्म का विषय पहुंचना धर्म से जोड़ना और धर्म के लिए प्रेरित करना है। पूरे विश्व में शांति हो, पूरे विश्व का कल्याण हो, पूरे विश्व को दीघार्यु, शतायु और निरोगी काया की प्राप्ति होने की कामनाएं की गई। यह महायज्ञ तब तक जारी रहेगा जब तक संकल्प पूर्ण ना हो जाए।

### ग्राम करौंदिया में लगाया विश्राम शिविर, अध्यक्ष नारायण यादव का हुआ स्वागत

**उज्जैन।** पिंगलेश्वर से करोहन की ओर जा रहे हजारों पंचक्रोशी यात्रियों की ग्राम करौंदिया में स्टोन क्रशर एसोसिएशन द्वारा सेवा की गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष नारायण यादव के नेतृत्व में यात्रियों को सब्जी-पूड़ी, आलूबड़े, ठंडी छाछ और जल वितरित किया गया। एसोसिएशन के महासचिव महेंद्र जैन ने बताया कि शनिवार शाम 4 बजे से ही पंचक्रोशी यात्रियों का आगमन शुरू हो गया था, जो रविवार शाम तक जारी रहा। यात्रियों की सुविधा के लिए शामियाना लगाकर उनके विश्राम और मोबाइल चार्जिंग की विशेष व्यवस्था भी की गई। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन और ठंडी छाछ ग्रहण कर विश्राम किया। इस अवसर पर संगठन के सदस्यों द्वारा एसोसिएशन के अध्यक्ष नारायण यादव का भव्य स्वागत भी किया गया। सेवा कार्य में संजय मेहता, लक्ष्मण शिवहरे, डॉ. घनश्याम शर्मा, योगेश अग्रवाल, अंकुर जैन, पंकज जैन, कोमल खत्री और वासु सिसोदिया सहित एसोसिएशन के अन्य सदस्य उपस्थित

## क्या मांगना था प्रभु से, क्या मांग लिया...' की गूंज से सजी भजन संध्या

### महाप्रभु वल्लभाचार्य का 549वां प्रागट्य महोत्सव, आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुष्टिमार्गीय वैष्णव संप्रदाय के प्रवर्तक जगद्गुरु अखंड भूमंडलाचार्य महाप्रभु वल्लभाचार्य के 549वें प्रागट्य महोत्सव के तहत बुधवारिया स्थित खंडेलवाल धर्मशाला में भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ। इसमें हातोद के शुभम कृष्ण दुबे ने 'क्या मांगना था प्रभु से, क्या मांग लिया' सहित अनेक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विधायक



अनिल जैन कालूहेड़ा और जगदीश पांचाल द्वारा वैष्णव समाज के अध्यक्ष और सचिव का सम्मान किया गया।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि मध्य प्रदेश की एकमात्र आचार्य महाप्रभु बैठक गोमतीकुंड मंगलनाथ रोड पर ट्रस्टी विट्ठल नागर के नेतृत्व में यह पांच दिवसीय आयोजन 11 से 15 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। यह ऐतिहासिक महोत्सव गोस्वामी तिलकायत 108 इन्द्रदमन राकेश महाराज के आशीर्वाद तथा चिरंजीवी भूपेशकुमार विशाल बावा और चिरंजीवी लालगोविन्द अधिराज बावा की आज्ञानुसार आयोजित हो रहा है।

मुख्य पर्व 13 अप्रैल को मनाया जाएगा। सुबह 7 बजे मदनमोहन हवेली से प्रभात फेरी निकलेगी और बैठक में केसर स्नान व फूल बंगला राजभोग होगा। शाम 6:30 बजे गोस्वामी 108 दिव्येशकुमार महाराज इंदौर नाथद्वारा के सानिध्य में मानव भवन क्षीरसागर से निकास चौराहा तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में शामिल होने के लिए पुरुषों के लिए कुर्ता पाजामा और महिलाओं के लिए केसरिया या पीली साड़ी का ड्रेस कोड रखा गया है। रात 9:30 बजे महाप्रसादी का आयोजन होगा। महोत्सव के तहत 14 अप्रैल को ढाबा रोड स्थित श्रीनाथ हवेली में फूल बंगला राजभोग तथा सुबह 9:30 बजे महाप्रभु बैठक में वल्लभाचार्य द्वारा रोपित पीपल का दुग्धास्नान होगा। रात 7:30 बजे सिंहपुरी स्थित गोवर्धननाथ हवेली में यमुनाष्टक पाठ और वल्लभ साखी का आयोजन होगा। 15 अप्रैल को शाम 7 बजे महाप्रभु बैठक में पना मनोरथ व पुष्प वितान के साथ 5 दिवसीय महोत्सव का समापन होगा। आयोजन में सह संयोजक श्याम माहेश्वरी, जितेन्द्र गाँधी, आनंद पुरोहित, शैलेन्द्र राठी और मनीष नागर हैं। कार्यक्रमों में वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल, महिला मंडल और अखिल भारतीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद की विभिन्न शाखाएं सहयोगी हैं। बैठक ट्रस्टी अंजन शाह, समीर चौधरी, दिव्येश नागर, पूनम सौमैया, विट्ठल नागर और पूर्व ट्रस्टी अशोक जड़िया, बंसीलाल नीमा, प्रहलाददास नीमा तथा कमलकांत नागर ने समाजजनों से आगामी सभी कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## खबर एक नजर...

### मशहूर पार्श्व गायिका आशा ताई को उज्जैनवासियों ने दी श्रद्धांजलि

**उज्जैन।** मशहूर पार्श्व गायिका आशा भोंसले के निधन पर शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों और संगीत प्रेमियों ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। इस मौके पर समाजसेवी मिलिंद पन्हालकर एवं उनकी पत्नी कुंदा पन्हालकर ने आशा ताई से जुड़ी अपनी पुरानी यादें साझा कीं।

मिलिंद पन्हालकर ने बताया कि वर्ष 1989 में पार्श्व गायन के लिए आशा भोंसले को इंदौर में राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान से नवाजा गया था। उस दौरान उन्होंने आशा ताई से विशेष मुलाकात कर उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए बधाई दी थी। साथ ही, सम्मान समारोह की प्रकाशित पुस्तिका पर उनका ऑटोग्राफ भी लिया था, जो आज भी उनके पास सहेजा हुआ है।

पन्हालकर ने बताया कि उज्जैन ही नहीं, बल्कि देवास और इंदौर जैसे आसपास के शहरों में भी जब कभी लता, आशा, उषा या भाई हृदयनाथ मंगेशकर के कार्यक्रम हुए, वे हमेशा श्रोता के रूप में वहां उपस्थित रहे। वर्ष 1984 में प्रारंभ हुए लता मंगेशकर सम्मान समारोह में वे प्रतिवर्ष शामिल होते हैं। इस आयोजन में जिस भी कलाकार को सम्मान मिलता है, पन्हालकर उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर तस्वीर खिंचवाते हैं और सम्मान पुस्तिका पर उनके ऑटोग्राफ लेते हैं।

### सांदीपनी आश्रम के समीप 13 अप्रैल से गूंजेगी श्री भक्तमाल कथा

**उज्जैन।** स्वर्गीय पंडित रघुनंदन जोशी की पुण्य स्मृति में शहर में तीन दिवसीय श्री भक्तमाल कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन 13 से 15 अप्रैल तक महर्षि सांदीपनी आश्रम के सामने स्थित श्री स्वामी रामानंद आश्रम में संपन्न होगा। कथा का समय प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक निर्धारित किया गया है।

कथा के वक्ता अनंत श्रीविभूषित श्रीमद् जगद्गुरु द्वाराचार्य अग्र-मलूकपीठाधीश्वर स्वामी श्री राजेंद्रदास जी देवाचार्य महाराज के शिष्य श्री हनुमान बाबा बरसाना वाले होंगे। आयोजक मंडल ने शहर के सभी धर्मप्रेमियों से इस आध्यात्मिक आयोजन में सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। श्री भक्तमाल कथा संत श्री नाभादास जी द्वारा रचित एक पवित्र ग्रंथ है। इसमें चारों युगों के भगवान विष्णु और राम के अनन्य भक्तों जैसे ध्रुव, प्रह्लाद, मीरा, कबीर और तुलसीदास की दिव्य जीवन-कथाओं तथा उनके समर्पण का विस्तृत वर्णन है। यह कथा भक्तों की भक्ति के 64 अंगों, त्याग और प्रेम का बखान करती है, जो मनुष्य को सीधे भगवान से जुड़ने का मार्ग दिखाती है।

### मलहम से कर रहे हैं पंचकोशी यात्रियों का दर्द दूर

उज्जैन। पंचकोशी यात्रा के मुख्य पड़ाव करोहन में 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक श्रद्धालुओं के लिए चिकित्सा सहायता केंद्र के माध्यम से निशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इस केंद्र में यात्रियों के दर्द को दूर करने के लिए विशेष रूप से मलहम और दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## सकल सिंधी समाज ने की 25 हजार से अधिक पंचकोशी यात्रियों की सेवा

# उंडासा मार्ग पर लगा विशाल शिविर, महेश परियानी के नेतृत्व में संपन्न हुआ आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पंचकोशी यात्रा के अवसर पर सकल सिंधी समाज द्वारा धर्मप्रेमी जनता और श्रद्धालुओं के लिए व्यापक स्तर पर सेवा कार्य किए गए। न्यू सेंट पॉल स्कूल के सामने उंडासा पंचकोशी मार्ग पर विशाल पंडाल लगाकर 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की सेवा की गई। कार्यक्रम संयोजक महेश परियानी के नेतृत्व में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

शिविर में मुख्य अतिथि समाजसेवी मध्य प्रदेश कुश्ती अध्यक्ष नारायण यादव, विशेष अतिथि सांसद अनिल फिरोजिया, उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, समाजसेवी नरेश शर्मा, पूर्व मंत्री पारस जैन एवं भाजपा महामंत्री आनंद खिची तथा सभी समाज अध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान श्रद्धालुओं को निशुल्क भोजन प्रसादी, छाछ, चाय और रुद्राक्ष मालाओं का वितरण किया गया। सुबह के नाश्ते में पोहा और जलेबी के साथ ही बच्चों को टॉफियां बांटी गईं तथा खीर की प्रसादी भी वितरित की गई।



बुजुर्गों के दबाए पैर, डॉ जेठवानी ने दी स्वास्थ्य सेवाएं

सकल सिंधी समाज के कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव की अनूठी मिसाल पेश करते हुए थके हुए बुजुर्ग यात्रियों के हाथ-पैर दबाकर उन्हें आराम पहुंचाया। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पंडाल में विश्राम के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई थी तथा ठंडक के लिए कूलर और पानी के फव्वारे लगाए गए थे। श्रद्धालुओं के आध्यात्मिक आनंद के लिए भजन संध्या का भी आयोजन हुआ। यात्रियों की स्वास्थ्य व्यवस्था देखने के लिए डॉ जितेंद्र जेठवानी द्वारा पंडाल में विशेष क्लीनिक स्थापित कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी इंदिरा नगर सिंधी पंचायत, संतराम सिंधी कॉलोनी पंचायत, भाईबंद पंचायत और राष्ट्रीय महिला मंच द्वारा संभाली गई। इस पुनीत कार्य में सिंधु जागृत समाज सहित सभी पदाधिकारियों और युवाओं ने अपनी सेवाएं दीं।

आयोजन को सफल बनाने में प्रताप रोहरा, दौलत खेमचंदानी, महेश गंगवानी, गोपाल बलवानी, दीपक बेलानी, डॉ जितेंद्र जेठवानी, ललित लुल्ला, नरेश धनवानी, लोकेश आडवाणी, कपिल बासनी, विक्रम भीमवानी, गोपाल रोचवानी, अशोक राजवानी, हेमंत रिझवानी, नरेंद्र सबलानी, विशाल चंदनानी, महेश चंदवानी, जेठानंद जयसिंघानी, जवाहर कोटवानी, मुकेश तोलानी, दीपक पमनानी और अजय रोहरा सहित समाजजनों का विशेष सहयोग रहा।

**करौंदिया में पंचक्रोशी यात्रियों का भव्य स्वागत, महापौर ने भी पिलाया रसना शरबत**

# आजाद हिंद पैनल के विश्राम शिविर में हजारों श्रद्धालुओं को मिली गर्मी से राहत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आजाद हिंद पैनल द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम करौंदिया में पंचक्रोशी यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए यात्रियों को रसना शरबत पिलाया गया। इस दौरान पंचक्रोशी यात्रा में शामिल उज्जैन नगर निगम के महापौर मुकेश टटवाल, एमआईसी सदस्यों और पार्षदों ने भी यात्रियों को शरबत बांटकर उनका अभिनंदन किया।

आजाद हिंद पैनल की युवा इकाई के अध्यक्ष शुभम शर्मा ने बताया कि पहले




पड़ाव पिंगलेश्वर से दूसरे पड़ाव करोहन के मार्ग पर ग्राम करौंदिया में गिट्टी खदान के पास शिविर लगाया गया था। यहां पंचक्रोशी यात्रियों को तेज धूप से बचाने और उनके विश्राम के लिए टेंट की विशेष व्यवस्था की गई। इस शिविर में हजारों यात्रियों ने रुककर शरबत ग्रहण किया।

इस सेवा कार्य के दौरान आजाद हिंद पैनल के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता डॉ. घनश्याम शर्मा, एमआईसी सदस्य रजत मेहता, कैलाश प्रजापत, पार्षद दिलीप परमार सहित स्काउट गाइड के सदस्य, बागसिंह, कैलाश, भारत और अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे

### योग आत्म जागरण की साधना, हठयोग से निरोग हो रहा विश्वः डॉ रघुवीर पटेल

**उज्जैन।** योग आत्म जागरण की साधना है। नई पीढ़ी के योग व परंपराओं से जुड़ने पर ही आत्मनिर्भर और आत्म जाग्रत राष्ट्र बनेगा। भारत के हठयोग के कारण विश्व निरोग बन रहा है। योग के माध्यम से शांति एवं आनंद का वातावरण निर्मित किया जा सकता है। योग 90 प्रतिशत अभ्यास और 10 प्रतिशत सिद्धांत है। यह विचार योग मार्गदर्शक एवं मेडिटेशन योगाचार्य डॉ रघुवीर पटेल ने व्यक्त किए। वे ब्रह्म योग फिट द्वारा गऊघाट जंतर मंतर पर आयोजित विशेष ध्यान सत्र शिविर में योग साधकों को संबोधित कर रहे थे।

प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण शिप्रा के तट गऊघाट पर आयोजित इस मेडिटेशन शिविर में योग एक्सपर्ट प्रीति बम्बोड़ी ने विभिन्न प्रकार के योग का प्रदर्शन किया।

## ए पी जे अब्दुल कलाम विवि के 10 वर्ष पूर्ण, 'आरोहण 2026' में बिखरी सांस्कृतिक छटा

### लता मंगेशकर सभागृह में हुआ भव्य आयोजन, पवनदीप राजन और चेतना भारद्वाज की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय की गौरवपूर्ण 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव आरोहण 2026 का भव्य आयोजन 11 अप्रैल को लता मंगेशकर सभागृह में किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कुलगुरु डॉ दीपिका पाठक, उपकुलपति डॉ राजीव विश्वकर्मा, गुलशन कपूर, अनुशासक डॉ करुणाकर शुक्ला और कुलसचिव संदीप गुप्ता सहित विश्वविद्यालय के प्राचार्यों एवं अधिष्ठाताओं ने विजेता विद्यार्थियों का सम्मान किया। यह आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने और उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।

समारोह का मुख्य आकर्षण इंडियन आइडल विजेता प्रसिद्ध गायक पवनदीप राजन और प्रतिभाशाली गायिका चेतना भारद्वाज की संगीतमय प्रस्तुतियां रहीं। दोनों कलाकारों ने अपने सुरों से पूरे वातावरण को उत्साह और उमंग से भर दिया। यह विशेष आयोजन विश्वविद्यालय की 10 वर्षों की सफल यात्रा, संस्था की उपलब्धियों, उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण और निरंतर प्रगति को समर्पित रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन, प्राध्यापक, अधिकारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब के प्रपौत्र डॉ. राजरत्न आंबेडकर का किया सम्मान

### महात्मा ज्योतिबा राव फुले जयंती महोत्सव में डॉ. राजरत्न आंबेडकर ने किया समाज का मार्गदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




शिक्षा के अग्रदूत और सामाजिक क्रांति के जनक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती पर भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में आयोजित समारोह में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के प्रपौत्र एवं महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजरत्न आंबेडकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन से समाज का मार्गदर्शन किया।

शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में आयोजित समारोह में मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ एवं वाल्मीकि समाज अधिकारी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों द्वारा डॉ. राजरत्न आंबेडकर का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। जिला सचिव मुकेश रायकवार ने बताया कि इस गरिमामय अवसर पर प्रदेश संगठन सचिव दशरथ सीहोते, प्रदेश संगठन प्रचार सचिव विष्णु प्रसाद गोसर, उज्जैन संभाग अध्यक्ष हेमराज घावरी, उज्जैन जिला अध्यक्ष रवि सीहोते, संभाग महामंत्री दिनेश लावरे, रायसिंग सोलंकी, सुनील खत्री, रवि चौहान, भेरूलाल मालवीय, श्रीमती भारती झंझोट और मदन लाल चौहान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आयोजन की शुरूआत महात्मा ज्योतिबा राव फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण और बुद्ध वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात एक विशाल जुलूस निकाला गया, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ टॉवर चौक पहुंचा। यहां विश्वरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर और संत बालिनाथ जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। जुलूस के बाद शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में मुख्य समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का 22वां मैत्रीय सम्मेलन संपन्न

## सम्मेलन में सरकार की पेंशन विरोधी निती की भर्त्सना की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र. जिला रतलाम का 22 वां वार्षिक मैत्रीय सम्मेलन एवं साधारण सभा बरबड़ हनुमान मंदिर श्रीकृष्ण भवन रतलाम में हर्षोल्लास से पेंशनर्स साथियों की एकजुटता के साथ सम्पन्न हुआ। प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्जवलित करते हुए संगठन का प्रतीक चिन्ह परचम फहराया। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत आशा श्रीवास्तव, चंद्रकला व्यास ने किया।

मुख्य अतिथि प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसो. के प्रांतीय महामंत्री पुरुषोत्तम पुरोहित, संरक्षक के.पी. निगम, अध्यक्षता उप प्रांताध्यक्ष एवं अध्यक्ष कीर्ति कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि श्रम संगठन संयुक्त समिति अध्यक्ष आई.एल. पुरोहित, ए.जे. खान



प्रांतीय संगठन मंत्री, एम.एल. निमरोट संभागीय अध्यक्ष इंदौर, घनश्याम तिवारी, संभागीय सचिव उज्जैन, ललित त्रिवेदी, अध्यक्ष झाबुआ मोहनसिंह पाटीदार, अध्यक्ष-धार, एम.एल. रावल पेटलावद, जगमोहन सिंह राठौर - थांदला का जिला संगठन के पदाधिकारियों ने स्वागत सम्मान शाल उपरणा पहनाकर प्रतिक चिन्ह भेंटकर किया।वार्षिक प्रतिवेदन एवं स्वागत संबोधन अध्यक्ष कीर्ति कुमार शर्मा द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन एवं प्रस्तुत करते हुए संगठन की गतिविधियों एवं प्रदेश सरकार द्वारा राज्य पेंशनरों के प्रति लगाकर की जा रही उपेक्षा व शोषण का पुरजोर विरोध करते हुए संघर्ष हेतु आह्वान किया। साधारण सभा में संगठन का वार्षिक लेखा-जोखा, आय व्यय-पत्रक कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार बेनावत ने प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि प्रांतीय महामंत्री पुरुषोत्तम पुरोहित ने पेंशनर्स सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश का एक मात्र संगठन प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन साढ़े चार लाख पेंशनरों के हक की लड़ाई के लिए सरकार ले लड़ रहा है। संघर्ष कर रहा है। विशिष्ठ अतिथि ए.जे. खान, एम.एल. मिमरोट, के.पी. निगम, घनश्याम तिवारी पदाधिकारियों ने सभा को संबोधित करते कहा कि एक जूट रहे व जब-जब भी आंदोलन के लिए प्रांतीय आह्वान पर संघर्षरत रहे। इस अवसर पर 75 वर्ष आयु प्राप्त कर चुके वरिष्ठ पेंशनर्स साथियों का आयुष सम्मान से मोती की माला पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पेंशनर्स महिला-पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष सहयोग कार्यकारी अध्यक्ष एम.एल. भट्ट का रहा। संचालन एम.एल. नगावत, दुर्गेश सुरोलिया द्वारा किया। आभार हरिश कुमार बिंदल ने माना।

## खबर एक नजर...

### विहिप मंदिर अर्चक पुरोहित सम्मेलन आज

नीमच। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व में मंदसौर विभाग का मंदिर अर्चक पुरोहित सम्मेलन का आयोजन आज मंदसौर में प्रातः 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम पीजी कॉलेज पर रखा गया है। जिसमें नीमच जिले से मंदिरों के पुजारी, पुरोहित, कथा वाचक, भगवताचार्य बसों के माध्यम से आयोजन में सम्मिलित होंगे। मंदिर अर्चक पुरोहित सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए नीमच से भी विश्व हिन्दू परिषद द्वारा संचालित गौधाम बालाजी गौ सेवा केंद्र पर अर्चक पुरोहित एकत्रित होकर बस द्वारा प्रस्थान करेंगे। विहिप जिला मंत्री कैलाश मालवीय नाना ने बताया कि मंदसौर में कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ उच्चतम न्यायालय अधिवक्ता माननीय श्री आलोक कुमार जी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। मंदिर हिंदू धर्म की शक्ति केंद्र बनना चाहिए। जिससे धर्म का जागरण हो सके। मंदिर के माध्यम से हिंदू समाज की कई प्रकार की सेवा के कार्य भी किए जा सकते हैं।

### महिला के कान से सोने के सुलिये खींचकर ले भागा बदमाश

मन्दसौर। जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र के ग्राम मामटखेड़ा में अज्ञात बदमाश ने एक 50 वर्षीय महिला के कान पर झपटा मारकर सोने के गट्टी (सुलिये) लेकर भाग निकला। लूटे गये सोने की रकम का वजन करीब एक तोला बताया गया है। जानकारी के अनुसार घटना 11 अप्रैल की है। इस घटना की रिपोर्ट फरियादिया फेरीबाई पति अखेराज रेवाटी निवासी मामटखेड़ा ने की है कि कोई अज्ञात आरोपी ने झपटा मारकर फरियादी के कान से सोने की दो गट्टी (सुलिये) लेकर भाग गया। पुलिस ने फरियादिया की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 304(2) में प्रकरण दर्ज किया।

### शादी में शरबत पीने से मेहमानों की तबीयत बिगड़ी

मन्दसौर। जिले के सीतामऊ तहसील के ग्राम चिकला में एक विवाह समारोह में शर्बत पीने से 15-20 लोगों की तबियत बिगड़ गई। सभी को उपचार हेतु सीतामऊ अस्पताल ले जाया गया जहां उपवास के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई।जानकारी के अनुसार ग्राम चिकला में एक विवाह समारोह चल रहा था। इसी दौरान शरबत पिलाया गया। जिससे 15-20 मेहमानों ने जी मचलाने की शिकायत की तो उन्हें उपचार हेतु सीतामऊ चिकित्सालय लाया गया। उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई।

### लाड़ली बहनों के खातों में 35 वी किश्त अंतरित

नीमच। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 35 वी किश्त जिले की कुल 155764 हितग्राही बहनों के खाते में राशि रुपए 22.76 करोड़ अंतरित की गई है। रविवार 12 अप्रैल 2026 को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना राशि अंतरण व महिला सशक्तिकरण सम्मेलन मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में सीहोर में आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम का लाईव टेलीकास्ट जिले में पंचायत वॉर्ड स्तर पर देखा गया।

# अंतर्राज्यीय ड्रग तस्कर प्रवेश उर्फ कान्हा गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

मंदसौर जिला पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोहों के विरुद्ध एक बड़ी और प्रभावी कार्यवाही को अंजाम दिया है। एसपी विनोद कुमार मीना के मार्गदर्शन में जिले के कुख्यात आरोपी अंतर्राज्यीय तस्कर प्रवेश उर्फ कान्हा (30) पिता राधेश्याम पाटीदार उम्र 30 साल निवासी सुपड़ा थाना पिपलिया मंडी के खिलाफ स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम के अंतर्गत कठोर निरोधात्मक कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल इंदौर भेज दिया गया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री तेर सिंह बघेल के पर्यवेक्षण और अनुविभागीय अधिकारी कीर्ति बघेल के नेतृत्व में थाना प्रभारी पिपलियामंडी ने आरोपी का पूरा आपराधिक कच्चा चिट्ठा तैयार किया। पुलिस अधीक्षक के माध्यम से जिला दण्डाधिकारी मंदसौर और उज्जैन



आयुक्त को भेजे गए प्रतिवेदन के आधार पर धारा 3 (1) के तहत निरोधक आदेश जारी किया गया, जिसके पालन में आज आरोपी को सलाखों के पीछे पहुँचाया गया।

आरोपी प्रवेश उर्फ कान्हा का आपराधिक इतिहास अत्यंत गंभीर है। आईसीजेएस पोर्टल और थाना स्तर पर तैयार किए गए डोजियर के अनुसार, उस पर कुल 9 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 5 मामले केवल अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े हैं, जो न केवल मध्य प्रदेश बल्कि राजस्थान के विभिन्न जिलों जैसे प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ और राजसमंद के थानों में भी पंजीकृत हैं। इसके अलावा आरोपी मारपीट, जान से मारने की धमकी और चोरी जैसी वारदातों में भी शामिल रहा है।

लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने के कारण वह क्षेत्र का एक कुख्यात तस्कर बन चुका था।

# जिला अस्पताल में बिजली गुल, अंधेरे में मरीज परेशान



ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

शहर के मुख्य स्वास्थ्य केंद्र, जिला चिकित्सालय में आज सुबह से ही व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गईं। सुबह 6 बजे से अस्पताल की बिजली गुल होने के कारण मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।भीषण गर्मी और बीमारी की मार झेल रहे मरीजों के लिए बिजली का जाना दोहरी मुसीबत बन गया है। वार्डों में पंखे बंद होने से मरीज बेहाल हैं, वहीं पैथोलॉजी और अन्य जांच केंद्रों पर अंधेरा होने के कारण लैब तकनीशियन और मरीजों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। दूर-दराज से आए लोग घंटों से लाइट आने का इंतजार कर रहे हैं।

अस्पताल की कार्यप्रणाली में सबसे बड़ी बाधा पर्ची काउंटर पर देखने को मिली। डॉक्टर को दिखाने से पूर्व अनिवार्य रूप से बनने वाली पर्ची का काम पूरी तरह ठप हो गया है। कंप्यूटर सिस्टम बंद होने के कारण अस्पताल परिसर में मरीजों की लंबी कतारें लग गई हैं। कई बुजुर्ग और गंभीर मरीज बिना पर्ची के घंटों बैठने को मजबूर हैं। बिजली कटने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था के लिए रखा गया जनरेटर भी शोपीस बना हुआ है। बताया जा रहा है कि मेंटेनेंस के अभाव में जनरेटर खराब पड़ा है, जिसके चलते बैकअप की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं हो

# ऑनलाइन अजनबियों से मित्रता करने से बचे- डोसी

## इनरव्हील क्लब ने विद्यार्थियों साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

इनरव्हील क्लब मंदसौर द्वारा स्थानीय शा.बा.उ.मा.वि. क्र. 2 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए सहायता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दानदाता कल्पना नरेंद्र नाहर परिवार की ओर से विद्यार्थियों को 100 कॉपियों का वितरण भी किया गया। क्लब अध्यक्ष हेमा हिंगड़ ने बताया कि इस सेवा कार्य का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से सामान्य परिवेश से आने वाले बच्चों को शिक्षा के प्रति निरंतर प्रोत्साहित करना और उनकी मूलभूत शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने में सहयोग प्रदान करना है।

शिक्षा सामग्री के वितरण के साथ ही वर्तमान समय की डिजिटल चुनौतियों को देखते हुए विद्यार्थियों को क्लब सचिव रचना डोसी ने बच्चों को इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के गुर सिखाए। उन्होंने विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया कि उन्हें ऑनलाइन अजनबियों से मित्रता करने से बचना चाहिए और अपना



ओटीपी या पासवर्ड कभी भी किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए। बच्चों को सलाह दी गई कि इंटरनेट पर किसी भी संदिग्ध गतिविधि का आभास होने पर वे तुरंत अपने शिक्षकों या अभिभावकों को सूचित करें।

इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य वी.एस. पुरावत सहित पुष्पेंद्र कुँवर चौहान,अर्चना गौड़, सरिता अग्निहोत्री, दुर्गा टेलर, हेमलता पाटीदार, गिरिजा मंगोलिया, निशिकांत त्रिवेदी आदि भी उपस्थित थे। संचालन जितेंद्र कुमार चौरसिया ने किया व अंजना पटेल ने

## कांग्रेसजनों ने मटके बेचने वालों को छतरियां व पानी की बोतल दी

पिपलिया मंडी। भीषणतम गर्मी में डिवाइडर पर गमले की छाया लेकर मिट्टी के मटके बेच रहे नारायणगढ़ के विद्याबाई प्रजापत एवं ओमप्रकाश प्रजापत को गर्मी में राहत मिल उन्हें छाया मिले इसको लेकर रविवार को दोपहर 3 बजे मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,जिला कांग्रेस के सचिव भूपेंद्र महावर, किशनलाल चौहान,कांग्रेसनेता दिनेश गुप्ता काचरिया,बरखेड़ापन्थ के पूर्व सरपंच दिनेश कारपेंटर आदि ने छतरियां एवं ठंडे पानी की बोतल दी ओर कहा कि गर्मी में छाता लगाकर अपना व्यवसाय करे।

## जैन मुनि-संतों का जुलूस श्रद्धा और उत्साह के साथ मंगल प्रवेश

**नीमच।** शहर में रविवार को मुनि-संतों का मंगल प्रवेश जुलूस श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। जैन दिवाकर पूज्य गुरुदेव श्री चौथमल जी म.सा की जन्मभूमि नीमच में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम आचार्य प्रवर हुक्मीचंदजी म.सा की पुण्य स्मृति, प्रवर्तक रमेशमुनिजी म.सा की दीक्षा जयंती एवं महासाध्वी यशकुंवरजी म.सा की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। श्रमण संघीय उपाध्याय प्रवर पूज्य गौतममुनिजी म.सा एवं वैभवमुनिजी म.सा के सानिध्य में जैन दिवाकर युवा संघ के तत्वावधान में सामूहिक एकासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। धर्मसभा को संबोधित करते हुए गौतम मुनि जी महाराज साहब ने कहा कि संत चलते-फिरते तीर्थ होते हैं और गुरु आज्ञा ही सर्वोच्च मंत्र है। उन्होंने कहा कि जैन दिवाकर चौथमलजी महाराज साहब की प्रेरणा से मेवाड़ सहित देशभर में 156 राजा-महाराजाओं ने शिकार का त्याग कर अहिंसा का मार्ग अपनाया।

# धर्मविरोधी षड्यंत्रों को रोकने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को तत्पर रहकर इनका मुकाबला करना होगा -सांसद पटेल

## दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का रविवार को समापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ करही



भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत महेश्वर विधानसभा के करही मंडल में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का रविवार को समापन हुआ। समापन सत्र को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए खरगोन-बड़वानी सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने भाजपा संगठन की कार्यपद्धति और प्रशिक्षित कार्यकर्ता की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए संगठनात्मक शक्ति का महत्व सर्वोपरि है। सांसद पटेल ने विशेष रूप से कार्यकर्ताओं को सचेत करते हुए कहा कि देश में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विरुद्ध रचे जा रहे धर्मविरोधी षड्यंत्रों को रोकने के लिए सभी सनातनी कार्यकर्ताओं को सजग और तत्पर रहकर इनका डटकर मुकाबला करना होगा।

कार्यक्रम में महेश्वर विधायक राजकुमार मेव की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान किसान मोर्चा संभाग प्रभारी जीतू यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान कार्यकताओं ने जो अपमान झेला है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

विधायक मेव के सोशल मीडिया प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण चावड़ा ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाना और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को और अधिक दृढ़ करना है।समापन सत्र के दौरान करही मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गौड़, मंडल प्रभारी अमिता मंत्री, वरिष्ठ भाजपा नेता जयप्रकाश जाट, भगवान दादा, मनोज शर्मा, खेमराज जैन, अजित छाजेड़, राजेश डोसी, महेंद्र सोनी, सुशील वर्मा सहित युवा मोर्चा, महिला मोर्चा और बूथ स्तर के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक रूप से राष्ट्र सेवा के संकल्प और 'नर्मदे हर' के जयघोष के साथ किया गया।

# पोषण पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के मार्गदर्शन मे महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित पोषण पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत विकासखण्ड पाटी में विभिन्न जागरूकता एवं स्वास्थ्य संवर्धन गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। यह आठवां पोषण पखवाड़ा है, जिसका उद्देश्य कुपोषण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, पोषण स्तर में सुधार लाना तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना है। पोषण पखवाड़ा के तहत संतुलित आहार, एनीमिया नियंत्रण, स्वच्छता, स्तनपान को बढ़ावा, पहचान एवं प्रबंधन जैसी प्रमुख गतिविधियों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही समुदाय स्तर पर जनभागीदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम भी आंगनवाड़ी केन्द्रो मे आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आंगनवाड़ी केंद्र विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नियमित सत्र के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं 0-6 वर्ष के बच्चों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की गई। परियोजना अधिकारी प्रकाश रंगशाही द्वारा बताया कि शिविर में विशेष रूप से कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक परामर्श एवं उपचार हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें उच्च स्तरीय उपचार हेतु रेफर करने की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की गई।



## महिला श्रद्धालुओं का सामाजिक संस्था सखी सहेली ग्रुप द्वारा भव्य स्वागत

सनावद। नर्मदा परिक्रमा से वापस लौटी महिला श्रद्धालुओं का सामाजिक संस्था सखी सहेली ग्रुप द्वारा भव्य स्वागत किया गया। समाजसेवी सीमा कमल जैन के नेतृत्व में सुषमा त्रिवेदी,राधिका माहेश्वरी,ममता बिरला,मनीषा शर्मा,राजश्री शर्मा,अनिता राठौर,मीनाक्षी मोरान्या एवं उषा राठौर ने गत 27 मार्च से 11 अप्रैल तक 15 दिनों में नर्मदा परिक्रमा पूर्ण की। श्रद्धालु महिलाओं ने नर्मदा परिक्रमा के दौरान परिक्रमा पथ में स्थित विभिन्न मंदिरों में पूजन-अर्चन कर राष्ट्र की सुख,शांति एवं समृद्धि की कामना की। परिक्रमा पूर्ण कर वापस नगरागमन पर सखी सहेली ग्रुप की सोनाली राठौर, जयश्री बिरला,अनु शर्मा,अंजली शर्मा, उमा उपाध्याय,रिंकू शर्मा,ममता मूंदड़ा, शिवानी,लाड़की बाई,विमला परवाल,भाली बाई,प्रेमा जोशी, राजश्री, प्रभा राठौर ने पुष्पमाला पहना कर परिक्रमा से लौटी महिला श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत किया।


## गोकुलधाम गौशाला के नवीन भवन का शिलान्यास एवम स्तंभ पूजन

मनावर। गोकुलधाम गौशाला के नवीन भवन का शिलान्यास एवं स्तंभ पूजन दिनांक 15 अप्रैल बुधवार को प्रातः कालीन समय में होगा ।कार्यक्रम का स्थल - लोणी फाटा, टोंकी रोड मनावर रहेगा। इसी के संदर्भ में मां चामुंडा मंदिर गुलाटी रोड मनावर में गोकुलधाम गौशाला की बैठक हुई जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा के सम्बन्ध मे सदस्यो द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए। गौ सेवा के प्रति भावनात्मक रूप रखने वाले मनावर शहर एवम आसपास के गांवो के वरिष्ठो को कार्यक्रम मे आमंत्रित किया गया। बैठक में जितेन्द्र सोनी अरविंद , महेश हिरोडकर, दिनेश जौहरी ,लक्षण मुकाती,राजेंद्र पांडे रमेश कुशवाह, अशोक हम्मड, मालविया ,पटवा,विशाल दामके एवम अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।



# माली समाज द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले मंदिर को भव्य रूप देने का संकल्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद



स्थानीय माली समाज द्वारा महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 199 वीं जयंती श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाई गई। समाजजनों ने ओंकारेश्वर स्थित महात्मा फुले मंदिर में दीप प्रज्वलित कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।इस अवसर पर युवा समाजसेवी राकेश गेहलोत ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले महान समाज सुधारक,समाज प्रबोधक,विचारक, लेखक और दार्शनिक थे।

ज्योतिबा का संपूर्ण जीवन शिक्षा के प्रचार-प्रसार एवं समाज सुधार में बीता। माली समाज ज्योतिबा फुले के आदर्शों पर चलकर विद्यार्जन एवं समाज सुधार की दिशा में निरंतर अग्रसर है। माली समाज के समाजसेवी रामदास टांक, टोडरमल सांखला, सुभाष परिहार,गजानंद टांक, राधेश्याम टांक, अशोक टांक,सूरज परिहार,महेश पालेरिया,शेखर सांखला तथा दीपक टांक ने भी महात्मा ज्योतिबा फुले के कृतित्व एवं योगदान पर प्रकाश डाला। राकेश गहलोत ने ज्योतिबा फुले मंदिर परिसर में माली-सैनी समाज एवं अन्य सामाजिक बंधुओं के ठहरने हेतु उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी।

वर्तमान में महात्मा ज्योतिबा फुले मंदिर तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में छोटी सी जगह में संचालित हो रहा है। समाजजनों ने भविष्य में इस मंदिर को भव्य स्वरूप देने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में महात्मा ज्योतिबा फुले मंदिर का प्रबंधन मप्र मारवाड़ी माली समाज धर्मार्थ एवं पारमार्थिक ट्रस्ट ओंकारेश्वर द्वारा किया जा रहा है।

# सभी को एक साथ मिलकर बीजेपी को विजय बनाना है- संभाग प्रभारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मनावर




धार ग्रामीण भाजपा जिला कार्यालय पर आगामी 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जन्म जयंती जिलेभर में प्रत्येक बूथ स्तर पर धूमधाम से मनाने व भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारी से परिचय हेतु आयोजित जिला बैठक में इंदौर संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत जिला प्रभारी राधेश्याम यादव मनावर जिला कार्यालय पहुंचे। जहां पर उन्होंने जिला पदाधिकारी और मंडल अध्यक्षों को मार्गदर्शन दिया।

इस दौरान स्वागत भाषण में जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने संगठन के आने वाले कार्यक्रमों की जानकारी अतिथियों के समक्ष जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों को दी। इसके उपरांत जिला प्रभारी राधेश्याम यादव ने संगठन की बारीकियों को समझाते हुए अपने जीवन के अनुभव को साझा किया। अंत में संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत ने कहा कि हमें जो दायित्व मिला है। संभाग प्रभारी ने नवनियुक्त पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए कहा ल, कि आप से मेरा परिचय आपकी घोषणा के बाद आज हो रहा है। मैं लंबे समय से संगठन के कार्यों के चलते जिले के प्रवास पर नहीं आ पाया हूं। इसलिए आज आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं। इस दौरान प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, पूर्व मंत्री श्रीमती रंजना बघेल, पूर्व मंत्री जगदीश मुवेल, पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा, राज बर्फा, पूर्व सांसद छतर सिंह दरबार, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा, पूर्व विधायक मुकामसिंह किराड़े, सहित भारतीय जनता पार्टी जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्षगण देवतुल्य कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## विश्व हिंदू परिषद की विभागीय बैठक महेश्वर में संपन्न हुई

महेश्वर। विश्व हिंदू परिषद खरगोन विभाग की बैठक महेश्वर के नर्मदा भवन में हुई जिसमें खरगोन, बड़वाह, सेंधवा ,बड़वानी के दायित्वान कार्यकर्ताओं के साथ संपन्न हुई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, मालवा प्रांत के प्रांत मंत्री विनोद शर्मा एवं विभाग मंत्री मनोज वर्मा उपस्थित थे । बैठक दो सत्रों में हुई जिसके प्रथम सत्र में आलोक कुमारका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं से परिचय ,व्रत और आगामी कार्य योजना की जानकारी ली साथ ही सामाजिक समरसता के कार्य को अति महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए कार्यकताओं से समरसता कार्यक्रम में बढ़ोतरी करने की चर्चा भी की ।द्वितीय सत्र में कार्यकताओं की जिज्ञासा व समाधान पर चर्चा हुई। जिसके तहत कार्यकताओं की विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान मंचीय अधिकारियों द्वारा किया गया। बैठक में प्रांत सहमंत्री महेश आंजना, विभाग संगठन मंत्री वासुदेव पांडया, सरिता दीदी बाफना ,राजा चौरसिया ,उमा दीदी बैसवार के साथ सभी जिलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# किल्लौद में कांग्रेस की नवीन ब्लॉक कमेटी गठित, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा



ग्राम गरबड़ी में कांग्रेस पार्टी की नवनियुक्त जिला कार्यसमिति की घोषणा के बाद ग्राम गरबड़ी में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे जिले में राजनीतिक गतिविधियां तेज नजर आईं।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण जिलाध्यक्ष उत्तमपाल सिंह पुरनी ने की। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन ने जिन कार्यकर्ताओं पर भरोसा जताया है, अब उनकी जिम्मेदारी है कि वे पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाएं। घोषित सूची के अनुसार किल्लौद से जिला कांग्रेस कमेटी में जिला महामंत्री पद पर आनंद सिंह कलम, जिला सचिव शैलेंद्र सिंह तोमर ,सोशल मीडिया प्रभारी प्रदीप राठौर को नियुक्त किया गया है। मंडलम अध्यक्ष के रूप में शेर सिंह तोमर, रमेश चौहान ,जितेन्द्र देवड़ा और ग्राम पंचायत अध्यक्ष, अमरचंद मीणा, गोविंद बरमलाए ,चेनसिंग ठाकुर, अभिमन्यु सेन, बसंत मिश्रा, मोहन चौहान ,यशपाल सिंह, आधार अंबाखाल ,पंकज देवड़ा को जिम्मेदारी दी गई है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस प्रभारी डॉ रामकिशोर दोगने ,पूर्व विधायक ठा. राजनारायण सिंह पुरनी,ग्रामीण जिला अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पद नहीं, बल्कि बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए किसानों और जनता की आवाज तक पहुंचाना होगा।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साईं हरदा ,पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पवार, बद्री पटेल सांगवा खिरकिया, बलॉक अध्यक्ष शंकर सिंह सोलंकी, आदि उपस्थित थे।

## बड़वानी जिले में 13 अप्रैल से प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण प्रारंभ

बड़वानी। भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना) की तैयारियों के अंतर्गत बड़वानी जिले में प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण दिनांक 13 अप्रैल 2026 से जिले के सभी तहसील चार्जों में प्रारंभ किया जाएगा। यह प्रशिक्षण जिले के प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर्स द्वारा बैचवार प्रदान किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक बैच में अधिकतम 50 प्रशिक्षणार्थियों को सम्मिलित किया जाएगा। प्रत्येक बैच का प्रशिक्षण तीन दिवस का होगा।

### 82 साल का सिंगिंग करियर

# 20 भाषाओं में 12,000 गाने

## आशा भोसले ने 9 फिल्मफेयर समेत 100+ अवॉर्ड जीते, किशोर के साथ 600+ गाने गाए














भारतीय संगीत जगत की सबसे वसेर्टाइल सिंगर आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने अपनी आवाज से सात दशक तक फिल्म इंडस्ट्री पर राज किया। 10 साल की उम्र में पहला गाना गाने वाली आशा का सिंगिंग करियर 82 साल का रहा, जिसमें उन्होंने 12 हजार से ज्यादा गाने गाए। आशा का आखिरी गाना 2026 में रिलीज हुआ।

1947 में एक रिकॉर्डिस्ट ने आशा भोसले की आवाज को 'खराब' कहकर रिजेक्ट कर दिया था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। आशा ने संघर्ष जारी रखा और हिंदी-मराठी समेत 20 भाषाओं में गाने गाकर अपना नाम 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में दर्ज कराया। आशा भोसले ने 9 फिल्मफेयर जीते हैं। इनमें 7 बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर अवॉर्ड शामिल हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, आशा को 100 से ज्यादा प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स मिले। आशा को कुल 18 बार फिल्मफेयर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया। उन्होंने 1979 में इस अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट होने पर अपना नाम वापस ले लिया था ताकि नई गायिकाओं को मौका मिल सके। आशा ने मोहम्मद रफी के साथ करीब 900 और किशोर कुमार के साथ 600 से ज्यादा गाने गाए हैं।

**सांगली में जन्म, पिता शास्त्रीय गायक रहे-** आशा भोसले का जन्म 8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में हुआ था। वह प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित दीनानाथ मंगेशकर की बेटी थीं। घर में संगीत का माहौल शुरू से ही था। उनके भाई-बहन लता मंगेशकर, मीना खडीकर, उषा मंगेशकर और हृदयनाथ मंगेशकर भी संगीत की दुनिया से ही जुड़े रहे। जब आशा सिर्फ 9 साल की थीं, तब 1942 में उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर का निधन हो गया। इससे परिवार पर आर्थिक संकट आ गया। परिवार को सहारा देने के लिए लता और आशा ने कम उम्र में गाना और फिल्मों में छोटी भूमिकाएं निभाना शुरू कर दिया था।

**मराठी फिल्म से बॉलीवुड तक का सफर-** आशा भोसले ने अपने सिंगिंग करियर की शुरूआत 1943 में एक मराठी फिल्म 'माझा बाळ' के गाने चला चला नव बाड़ा से की थी। हिंदी सिनेमा में उन्हें पहला मौका 1948 में फिल्म 'चुनरिया' के गाने 'सावन आया' से मिला। शुरूआती दौर में आशा को वे गाने मिलते थे जिन्हें प्रमुख गायिकाएं जैसे लता मंगेशकर, शमशाद बेगम या गीता दत्त छोड़ देती थीं। उस समय उन्हें अक्सर फिल्मों में विलेन, डांसर या साइड किरदारों के लिए गाने के लिए बुलाया जाता था।

**ओपी. नैयर के गानों ने करियर को नई ऊंचाई दी-** संगीतकार ओपी. नैयर और आशा भोसले की जोड़ी को भारतीय संगीत इतिहास की सबसे सफल जोड़ियों में से एक माना जाता है। नैयर साहब ने उस दौर में आशा जी का हाथ थामा जब वे अपनी पहचान के लिए संघर्ष कर रही थीं और उन्हें केवल वही गाने मिलते थे जिन्हें बड़ी गायिकाएं ठुकरा देती थीं। नैयर साहब ने ही पहली बार उनकी आवाज की उस 'कंपाउंड' खनक और 'वेस्टर्न मॉड्यूलेशन' को पहचाना, जिसे बाकी संगीतकार 'खराब' समझकर नकार रहे थे। 1954 में फिल्म 'मंगू' से शुरू हुआ यह सफर 1957 की फिल्म 'नया दौर' के साथ अपने पीक पर पहुंचा। इस फिल्म के गानों जैसे 'उड़े जब जब जुल्फें तुम्हारी' और 'मांग के साथ तुम्हारा' ने आशा जी को रातों-रात सुपरस्टार सिंगर बना दिया। अगले दो दशक तक ओपी. नैयर ने एक कड़ा फैसला लेते हुए केवल आशा भोसले के साथ ही काम किया और कभी लता मंगेशकर की ओर रुख नहीं किया। उन्होंने आशा जी के लिए 324 गाने बनाए, जिनमें 'हावड़ा ब्रिज' का 'आइए मेहरबां' और 'कश्मीर की कली' के रूमानी नगमे शामिल हैं। इन गानों की बदौलत ही आशा ने बड़ी बहन लता के साये से निकल कर स्वतंत्र पहचान बनाई।

**आरडी बर्मन के साथ गाया 'दम मारो दम'-** इसके बाद 1960 और 70 के दशक में संगीतकार आरडी बर्मन (पंचम दा) के साथ उनकी जोड़ी ने संगीत की परिभाषा बदल दी। पंचम दा ने आशा से 'दम मारो दम' (हरे रामा हरे कृष्णा) और 'पिया तू अब तो आजा' (कारवां) जैसे वेस्टर्न और जैज स्टाइल के गाने गवाए, जिन्होंने आशा को 'क्वीन ऑफ इंडिपॉप' बना दिया। आशा भोसले ने वेस्टर्न टच, मॉड्यूलेशन को अपनी आवाज में पिरोया, जो उस समय किसी अन्य सिंगर के पास नहीं था। उन्होंने गीता दत्त और शमशाद बेगम जैसे सिंगर्स को उनके ही दौर में कड़ी टक्कर दी और बाद में अलका याग्निक, कविता कृष्णमूर्ति और सुनिधि चौहान जैसी पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा बनीं। जब लोगों को लगा कि वे सिर्फ कैबरे गा सकती हैं, तब 1981 में फिल्म 'उमराव जान' आई। संगीतकार खय्याम के निर्देशन में आशा ने 'दिल चीज क्या है' और 'इन आंखों की मस्ती के' जैसी बेहतरीन गजलें गाकर क्लासिकल गायिकी में भी लता मंगेशकर के बराबर अपनी जगह पक्की कर ली।

### मोहम्मद रफी के साथ गाए 900 से ज्यादा गाने

आशा जी ने सबसे ज्यादा 900 डुएट रफी साहब के साथ गाए हैं। 'नया दौर' और 'तीसरी मंजिल' जैसी फिल्मों के गाने आज भी कल्ट क्लासिक हैं। 1950 से शुरू होकर 1987, किशोर दा के निधन तक यह जोड़ी सुपरहिट रही। दोनों ने 600 से ज्यादा गाने साथ गाए। लता मंगेशकर के साथ 80 के करीब यादगार गाने गाए। इनमें 'मन क्यों बहका रे बहका' (उत्सव) शामिल है। आरडी. बर्मन (पंचम दा) के लिए 500 से ज्यादा गाने गाए। उन्होंने आशा की आवाज को कैबरे, जैज और रॉक संगीत के लिए तराशा। ओपी नैयर साहब ने सिर्फ आशा को अपनी मुख्य आवाज बनाया। दोनों ने साथ में 300+ गाने बनाए।

### सिंगिंग के अलावा कुकिंग और सफल रेस्तरां बिजनेस

आशा भोसले केवल एक महान गायिका ही नहीं, बल्कि एक शानदार कुक भी थीं। वह अक्सर कहती थीं कि अगर वह सिंगर न होतीं, तो एक रसोइया होतीं। उनके हाथ के बने 'कढ़ाई गोश्त' और 'बिरयानी' के मुरीद राज कपूर से लेकर ऋषि कपूर तक रहे।

अपने इसी शौक को उन्होंने बिजनेस में बदला। उन्होंने आशा नाम से रेस्तरां की एक ग्लोबल चैन शुरू की। उनका पहला रेस्तरां दुबई में खुला, जिसके बाद कुवैत, बर्मिंघम, मैनचेस्टर और अबू धाबी जैसे शहरों में भी इसे विस्तार मिला। वह अपने रेस्तरां के शेफ्स को खुद ट्रेनिंग देती थीं।

### ब्रिटिश बैंड के साथ गाया आखिरी गाना

आशा भोसले की आवाज सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं थी, बल्कि इंटरनेशनल म्यूजिक वर्ल्ड में भी उनका उतना ही सम्मान था। मार्च 2026 में रिलीज हुई मशहूर ब्रिटिश वर्चुअल बैंड गोरिल्लाज की नौवीं एल्बम द माउंटेन (पर्वत) में उनका गाना शामिल है।

द शैडोई लाइट नाम के इस ट्रैक को अब उनके शानदार करियर के आखिरी अध्याय के रूप में देखा जा रहा है। इसमें उन्होंने ब्रिटिश आर्टिस्ट ग्रफ राइस और सरोद उस्ताद अमान-अयान अली बंगश के साथ काम किया था।

गोरिल्लाज बैंड बनाने वाले डेमन अलबर्न असल में 70 के दशक के बॉलीवुड संगीत और आरडी बर्मन के बहुत बड़े फैन हैं। उन्होंने कई इंटरव्यू में आशा भोसले की आवाज को 'साइकडेलिक' और 'एक्सपेरिमेंटल' बताया था। यही वजह थी कि उन्होंने अपनी इस नई एल्बम को भारत में रिकॉर्ड किया। इस एल्बम में आशा ताई के अलावा अनुष्का शंकर ने भी साथ काम किया है। वहीं आशा अपने अंतिम वर्षों में म्यूजिक रियलिटी शोज में जज के रूप में और लाइव कॉन्सर्ट्स में सक्रिय रहीं। 2023 में भी उन्होंने अपने 90वें जन्मदिन पर दुबई में परफॉर्म किया था। उनकी आवाज में जो ताजगी 1950 में थी, वही 92 साल की उम्र तक बरकरार रही। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ब्रेट ली के साथ भी गाना गा चुकीं आशा

आशा भोसले ने साल 2006 में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और तेज गेंदबाज ब्रेट ली के साथ मिलकर एक खास गाना गाया था, जिसके बोल थे 'यू आर द वन फॉर मी'। दरअसल, ब्रेट ली न केवल एक क्रिकेटर हैं बल्कि उन्हें संगीत का भी बहुत शौक है।




# आशा भोसले का राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार आज

## मुंबई के शिवाजी पार्क में शाम 4 बजे दी जाएगी मुखाग्नि, मल्टी-ऑर्गन फेल्योर से कल निधन हुआ

सिंगर आशा भोसले का आज 4 बजे मुंबई के शिवाजी पार्क में अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनका रविवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया था। वे 92 साल की थीं।

आशा को कई मेडिकल समस्याएं होने के चलते शनिवार रात अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। यानी मल्टी-ऑर्गन फेल्योर के कारण उनकी मौत हुई।

आशा भोसले ने 82 साल के सिंगिंग करियर में 9 फिल्फमेयर समेत 100 से अधिक अवॉर्ड जीते। उन्हें देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। ऐसे में उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

**10 साल की उम्र में गाया पहला गाना-** आशा भोसले क्लासिकल सिंगर दीनानाथ मंगेशकर की बेटी और लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। जब वो सिर्फ 9 साल की थीं तब उनके पिता का निधन हो गया था। इस कारण लता की तरह आशा को भी कम उम्र में ही सिंगिंग की शुरूआत करनी पड़ी। आशा ने पहला गाना 10 साल की उम्र में गाया था।

आशा भोसले ने अपने करियर में 20 से अधिक भाषाओं में 12,000 से ज्यादा गाने गाए। उनके गाने 'इन आंखों की मस्ती', 'दम मारो दम', 'पिया तू अब तो आजा' और 'चुरा लिया है तुमने' आज भी लोकप्रिय हैं।

**पीएम मोदी समेत कई लोगों ने दुख जताया-** आशा भोसले के निधन पर पीएम नरेंद्र मोदी, शाहरुख खान, हेमा मालिनी समेत कई लोगों ने दुख जताया। नरेंद्र मोदी ने कहा, भारत की सबसे प्रतिष्ठित और बहुमुखी आवाजों में से एक आशा भोसले जी के निधन से मैं बेहद दुखी हूं। उनका असाधारण संगीत सफर, जो दशकों तक चला, हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करता रहा और दुनियाभर के अनगिनत दिलों को छू गया। चाहे उनकी भावपूर्ण धुनें हों या जीवंत रचनाएं, उनकी आवाज में एक कालातीत चमक थी। मैं उनके साथ हुई मुलाकातों को हमेशा संजोकर रखूंगा। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, प्रशंसकों और संगीत प्रेमियों के साथ हैं। वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी और उनके गीत हमेशा लोगों के जीवन में गूंजते रहेंगे।



शाहरुख खान ने कहा, आशा ताई के निधन की खबर बेहद दुखद है। उनकी आवाज भारतीय सिनेमा के स्तंभों में से एक रही है और सदियों तक दुनियाभर में गूंजती रहेगी। वह ऐसी प्रतिभा थीं, जो समय से परे हैं। उन्होंने हमेशा मुझ पर अपना प्यार और आशीर्वाद बनाए रखा, मैं उन्हें बहुत मिस करूंगा। रेस्ट इन पीस आशा ताई। लव यू।

### कोहली ने बाबर-गेल का रिकॉर्ड तोड़ाः रोहित ने मुंबई के लिए 6 हजार रन पूरे किए

# पाटीदार की आरसीबी के लिए सेकेंड फास्टेस्ट फिफ्टी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेंगलुरु**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 के 20वें मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराया। वानखेड़े स्टेडियम में रविवार को विराट कोहली टी-20 में सबसे ज्यादा शतकीय साझेदारियां करने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने बाबर आजम और क्रिस गेल को पीछे छोड़ा।

मैच में रोहित शर्मा ने भी खास उपलब्धि हासिल की। उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 6000 रन पूरे किए। रजत पाटीदार ने 17 गेंदों में फिफ्टी लगाकर आरसीबी के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक बनाया और गेल की बराबरी की।

**बेंगलुरु ने लगातार चौथी बार 200+ स्कोर बनाया–** आरसीबी ने आईपीएल 2026 में लगातार चौथी बार 200+ स्कोर बनाया। लगातार सबसे ज्यादा 200+ स्कोर का रिकॉर्ड सनराइजर्स हैदराबाद (5 बार, 2025-26) के नाम है। पंजाब किंग्स (2023) और बेंगलुरु (2024) ने 4-4 बार यह किया था।

**पाटीदार ने क्रिस गेल की बराबरी की–** रजत पाटीदार ने 17 गेंदों में फिफ्टी लगाकर आरसीबी के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक बनाया। उन्होंने क्रिस गेल की बराबरी की, जिन्होंने 2013 में 17 गेंदों में फिफ्टी लगाई थी। इस लिस्ट में टॉप पर रोमारियो शेफर्ड हैं, जिन्होंने 2025 में 14 गेंदों में यह किया था।

**कोहली ने मुंबई के खिलाफ 7वां 50+ स्कोर बनाया–** विराट कोहली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सातवां 50+ स्कोर बनाकर सुरेश रैना और डेविड वॉर्नर की बराबरी की। इस लिस्ट में टॉप पर केएल राहुल हैं, जिनके नाम 9 स्कोर हैं। कोहली ने वानखेड़े में अपने टी-20 करियर का 9वां 50+ स्कोर 23 मैचों में पूरा किया।

**कोहली ने 47वीं बार शतकीय साझेदारी की–** विराट कोहली टी-20 में सबसे ज्यादा शतकीय साझेदारियां करने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने पहले विकेट के लिए फिल सॉल्ट के साथ 120 रन जोड़े। यह कोहली की 47वीं साझेदारी थी। उन्होंने बाबर आजम और क्रिस गेल (46-46) को पीछे छोड़ा।

**रोहित ने मुंबई के लिए 6 हजार रन पूरे किए–** रोहित शर्मा ने मुंबई इंडियंस के लिए 6000 रन पूरे किए। इस लिस्ट में टॉप पर विराट कोहली हैं, जिन्होंने आरसीबी के लिए 8800+ रन बनाए हैं। तीसरे नंबर पर महेंद्र सिंह धोनी और चौथे पर सुरेश रैना हैं, जिन्होंने चेन्नई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं।

**आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी गई–** मैच से पहले स्टेडियम में गायिका आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी गई। रविवार को उनका निधन हुआ। सोमवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। सभी प्लेयर्स काली पट्टी बांधकर उतरे और उनके गाने बजाए गए। आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हुआ।

**सॉल्ट की 25 बॉल में फिफ्टी–** 8वें ओवर में फिल सॉल्ट ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने मयंक मार्कंडे के खिलाफ पहली गेंद पर चौका लगाकर 25 गेंद में हाफ सेंचुरी पूरी की। इस ओवर में 3 चौके और एक छक्का लगा, कुल 20 रन बने। फिल सॉल्ट ने चौका लगाकर फिफ्टी पूरी की।

**पाटीदार ने लगातार 3 छक्के जड़े, शॉट खेलते वक्त पिच पर गिरे–** 12वें ओवर में मयंक मार्कंडे के खिलाफ रजत पाटीदार ने लगातार तीन गेंदों पर तीन छक्के लगाए। दूसरी, तीसरी और चौथी गेंद पर कुल 20 रन बनाए। दूसरे सिक्स के दौरान वे संतुलन खोकर गिर पड़े, लेकिन गेंद बाउंड्री पार गई। रजत पाटीदार ने 20 बॉल पर 53 रन बनाए।

**आउट होने के बाद कोहली ने गुस्से में हेलमेट फेंका–** 14वें ओवर की चौथी गेंद पर विराट कोहली आउट हुए। हार्दिक पंड्या की फुल टॉस पर शॉट खेलते समय गेंद लॉन्ग-ऑन पर सूर्यकुमार यादव ने कैच की। कोहली ने 38 गेंदों में 50 रन बनाए। आउट होने के बाद ड्रेसिंग रूम जाते वक्त उन्होंने गुस्से में हेलमेट फेंका।

**हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते रोहित रिटायर हर्ट–** पांचवें ओवर में रोहित शर्मा हैमस्ट्रिंग समस्या के चलते मैदान से बाहर गए। शॉट के बाद असहजता महसूस हुई और फिजियो ने इलाज किया। बाद में वे रिटायर हर्ट होकर लौटे और सूर्यकुमार यादव आए। मैच में हल्की देरी हुई, क्योंकि विराट कोहली भी एंकल इंजरी से बाहर थे। रोहित 19 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए।

**रदरफोर्ड दो बार कैच हुए, नो-बॉल ने बचाया–** 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर शेरफेन रदरफोर्ड को किस्मत का साथ मिला। रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर वे कैच आउट हुए, लेकिन नो-बॉल से बच गए। अगली फ्री-हिट पर फिर कैच हुए, लेकिन आउट नहीं माने गए। इस तरह वे एक ही गेंद पर दो बार बच गए।

### आईपीएल में आज हैदराबाद-राजस्थान

## आरआर ने सभी चार मैच जीते एसआरएच ने 3 मुकाबले गंवाए




**ब्रह्मास्त्र ▸▸ हैदराबाद**

इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन के 21वें मैच में आज सनराइजर्स हैदराबाद का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। मुकाबला हैदराबाद के होम ग्राउंड राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। टॉस शाम 7:00 बजे होगा।

हैदराबाद और राजस्थान के बीच इस सीजन यह पहला मुकाबला होगा। दोनों टीमों का इस सीजन आज 5वां मैच रहेगा। एसआरएच सीजन में अब तक एक भी मैच नहीं हारी है। टीम 4 मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल टॉप पर है। दूसरी ओर आरआर 4 में से केवल 1 मैच जीत सकी, और 3 मैच हार चुकी है।

हेड टु हेड में में राजस्थान आगे है। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 21 आइपीएल मैच खेले गए हैं। 12 में हैदराबाद और 9 में राजस्थान को जीत मिली। हैदराबाद में दोनों टीमों के बीच कुल 6 मैच खेले गए। इसमें 5 हैदराबाद और 1 मैच राजस्थान जीती। राजस्थान को हैदराबाद के खिलाफ आखिरी जीत 2023 सीजन में मिली थी। इसके बाद चार मैच खेले गए और सभी हैदराबाद ने जीते।

**क्लासन ने एसआरएच के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए–** इस सीजन एसआरएच के लिए कुछ खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। बल्लेबाजी में हेनरिक क्लासन ने 4 मैचों में 184 रन बनाए हैं, जिसमें 2 अर्धशतक शामिल हैं। क्लासन सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। वहीं गेंदबाजी में हर्ष दुबे ने 4 मैचों में 5 विकेट लिए हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









क्रिसिल की चेतावनी

## पश्चिम एशिया युद्ध से बढ़ सकता है भारत के चालू खाते का घाटा



ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

ईरान और अमेरिका के बीच स्थायी युद्धविराम पर सहमति नहीं बन सकी है। जिसके बाद पश्चिम एशिया संकट गहराने की आशंका बढ़ गई है। इस बीच रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के मुताबिक पश्चिम एशिया संकट के चलते भारत की जीडीपी ग्रोथ घट सकती है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए आने वाले दिन चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के मुताबिक, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल, गैस और उर्वरक के आयात बिल में भारी उछाल आने की आशंका है। इससे व्यापार घाटा बढ़ने के साथ देश की जीडीपी वृद्धि भी धीमी पड़ सकती है। यदि संकट लंबा खिंचता है तो भारत का चालू खाता घाटा बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के करीब 2 फीसदी तक पहुंच सकता है।

### क्या है रिपोर्ट में?

रिपोर्ट में कहा है कि मुश्किल हालात में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में बढ़ोतरी तथा उर्वरक आयात में वृद्धि से व्यापार घाटा काफी बढ़ सकता है। कच्चे तेल की कीमतों में सालाना आधार पर 23 फीसदी की वृद्धि हो सकती है, जिससे पेट्रोलियम आयात बिल में तेज उछाल आने की आशंका है। इसके अलावा, पश्चिम एशिया निर्यात में संभावित बाधाएं, शिपिंग व बीमा लागत में वृद्धि एवं वैश्विक मांग में नरमी भी निर्यात पर दबाव डाल सकती है। इन सब कारणों से व्यापार घाटा और बढ़ेगा। इससे महंगाई में वृद्धि हो सकती है, साथ ही रुपये पर भी दबाव बढ़ेगा।

# बढ़ती लागत व बदलते विकल्पों के बीच उपभोक्ता बाजार में मिला-जुला रुझान

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

उपभोक्ताओं पर आधारित क्षेत्र पर इनपुट लागत, टियर 2-3 शहरों में विस्तार और मिडिल पश्चिम एशिया संकट के प्रभाव से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट पढ़ें।

ब्रोकरेज फर्म सिस्टेमैटिक्स की एक हालिया रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, आने वाली तिमाहियों में कंज्यूमर डिस्क्रीशनरी (उपभोक्ताओं पर आधारित) सेक्टर को विकास और चुनौतियां दोनों का सामना करना पड़ सकता है। उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं, कच्चे माल (इनपुट) की बढ़ती लागत और विनियामक दबावों के कारण इस सेक्टर की विकास दर और मुनाफे पर सीधा असर पड़ने की संभावना है।

**आभूषण और परिधान क्षेत्र में मजबूत बढ़त-** वित्तीय वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में इस सेक्टर में कुल मिलाकर अच्छी वृद्धि दर्ज की गई है। यह मुख्य रूप से वैल्यू अपैरल (किफायती परिधान) रिटेल, प्रीमियम फैशन और आभूषणों के मजबूत प्रदर्शन से प्रेरित था।

**आभूषण:** सोने की कीमतों में महंगाई, शादियों की मांग और त्योहारी खरीदारी के दम पर इस क्षेत्र ने असाधारण वृद्धि देखी है। हालांकि, उत्पाद मिश्रण में बदलाव के कारण मार्जिन में थोड़ी नरमी आ सकती है। सिस्टेमैटिक्स ने कहा, वित्तीय वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में आभूषण उद्योग ने उल्लेखनीय लचीलापन और मजबूत विकास गति का प्रदर्शन किया है, जिसमें सोने की कीमतों में भारी अस्थिरता के बावजूद उपभोक्ता मांग मजबूत रही है।

**परिधान:** वैल्यू अपैरल खुदरा विक्रेताओं ने नए स्टोर के विस्तार और समान-स्टोर बिक्री में सुधार के माध्यम से मजबूत वृद्धि हासिल की। इसके साथ ही प्रीमियम ब्रांडों ने भी अपनी निरंतर गति बनाए रखी है।

परिधान क्षेत्र के लिए चेतावनी देते हुए सिस्टेमैटिक्स ने कहा, पॉलिएस्टर की कीमतों में भारी वृद्धि के कारण परिधान कंपनियों को संभावित मार्जिन दबाव का सामना करना पड़ रहा है, जिसका असर 1क्यूएफ 27 से नतीजों पर पड़ सकता है, जब तक कि इन लागतों का बोझ उपभोक्ताओं पर न डाला जाए।

**टियर-2 और टियर-3 शहर बनेंगे ग्रोथ इंजन-** इन तमाम चुनौतियों के बीच, कंज्यूमर डिस्क्रीशनरी सेक्टर की विकास गति जारी रहने की उम्मीद है। उपभोक्ता व्यवहार में एक बड़ा बदलाव देखा जा रहा है; टियर-2 और टियर-3 शहरों में 'वन-स्टॉप शॉप्स' तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं, जो किफायती कीमतों पर विस्तृत रेंज पेश करते हैं।

भविष्य के दृष्टिकोण से, ब्रोकरेज ने स्पष्ट किया है कि पश्चिम एशिया में चल रहा भू-राजनीतिक संघर्ष खपत के लिए जोखिम पैदा करता है। वर्तमान मांग रिकवरी की स्थिरता बनाए रखने के लिए यह एक प्रमुख कारक है, जिस पर आगे कड़ी नजर रखने की आवश्यकता होगी।



### क्यूएसआर और बेवरेजेजः मार्जिन पर दबाव और अस्थिर मांग

अन्य उपभोक्ता खंडों में रिकवरी के संकेत तो हैं, लेकिन चुनौतियां भी बरकरार हैं:

**क्विक सर्विस रेस्तरांः** इस सेक्टर ने रिकवरी के शुरूआती संकेत दिए हैं, लेकिन मांग में अस्थिरता और एलपीजी (एलपीजी) आपूर्ति से संबंधित व्यवधानों के कारण मार्जिन लगातार दबाव में है। हालांकि कच्चे माल की स्थिर कीमतों के कारण ग्रॉस मार्जिन स्वस्थ रहा, लेकिन भारी छूट (डिस्काउंटिंग) और नकारात्मक परिचालन लीवरेज के कारण रेस्तरां का मुनाफा प्रभावित हुआ है।

**अल्कोहलिक-बेवरेजः** इस सेगमेंट में मिला-जुला प्रदर्शन रहा। नए उत्पादों के लॉन्च से 'प्रेस्टीज एंड अबव' सेगमेंट में दहाई अंकों की मजबूत वॉल्यूम वृद्धि देखी गई और इंडियन मेड फॉरेन लिकर (आईएमएफएल) कंपनियों ने ग्रोथ का नेतृत्व किया। इसके विपरीत, बीयर सेगमेंट का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर रहा।

**चुनौतियांः** इनपुट लागत और मार्जिन पर उभरता जोखिम- रिपोर्ट के अनुसार, खुदरा विस्तार विभिन्न क्षेत्रों में आक्रामक रहा है, जिससे राजस्व वृद्धि को तो समर्थन मिला है, लेकिन उच्च परिचालन लागत के कारण निकट अवधि की लाभप्रदता पर असर पड़ा है। भारी छूट और कच्चे माल की बढ़ती लागत के कारण मार्जिन पर दबाव स्पष्ट रूप से उभर रहा है। पैकेजिंग सामग्री की बढ़ती लागत और एल्को-बेवरेज सेगमेंट में विनियामक चुनौतियां भी प्रमुख अड़चनें हैं।

मई से लागू हो सकता है

## भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता

### कार-व्हिस्की पर आयात शुल्क घटेगा

ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई

भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता मई के दूसरे हफ्ते से लागू हो सकता है, जिससे दोनों देशों के व्यापार को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। इस समझौते के तहत 99% भारतीय सामान ब्रिटेन में बिना शुल्क के पहुंच सकेगा, जबकि भारत कुछ ब्रिटिश उत्पादों पर शुल्क धीरे-धीरे घटाएगा। भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता अगले महीने से लागू हो सकता है। सूत्रों के अनुसार, यह समझौता मई के दूसरे सप्ताह से प्रभाव में आने की संभावना है। दोनों देशों ने 24 जुलाई 2025 को व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते के तहत भारत के 99 फीसदी निर्यात को ब्रिटेन के बाजार में बिना किसी शुल्क के (ड्यूटी फ्री) प्रवेश मिलेगा, जबकि भारत ब्रिटिश उत्पादों जैसे कार और व्हिस्की पर आयात शुल्क में चरणबद्ध तरीके से कमी करेगा। भारत और ब्रिटेन ने वर्ष 2030 तक आपसी व्यापार को मौजूदा 56 अरब डॉलर से बढ़ाकर दोगुना करने का लक्ष्य रखा है।

**भारतीय उत्पादों के लिए बेहतर पहुंचः** समझौते की शर्तों के मुताबिक, भारत ने चॉकलेट, बिस्कुट और कॉस्मेटिक्स जैसे कई उपभोक्ता उत्पादों के लिए अपना बाजार खोला है, जबकि भारतीय निर्यातकों को कपड़ा, जूते-चप्पल, रत्न एवं आभूषण, खेल सामान और खिलौनों के लिए बेहतर बाजार पहुंच मिलेगी।

इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहन निर्यात का मौका

ब्रिटिश स्कॉच व्हिस्की पर आयात शुल्क को तत्काल 150 फीसदी से घटाकर 75 फीसदी किया जाएगा। वर्ष 2035 तक धीरे-धीरे इसे 40 प्रतिशत तक लाया जाएगा।

ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भारत आयात शुल्क को मौजूदा 110 फीसदी से घटाकर पांच वर्षों में 10 फीसदी करेगा। इसके बदले भारतीय कंपनियों को ब्रिटिश बाजार में इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों के निर्यात के लिए कोटा के आधार पर प्रवेश मिलेगा।

भारत और ब्रिटेन ने दोहरा योगदान संधि करार पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

'भारत में ईंधन की किल्लत नहीं': सरकार का बड़ा दावा-

# पश्चिम एशिया में तनाव के बावजूद भरे हैं भंडार

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं, लेकिन भारत सरकार ने देश में ईंधन की आपूर्ति को स्थिर बनाए रखा है। पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाने, निर्यात पर लेवी बढ़ाने और रिफाइनरियों की क्षमता बढ़ाने जैसे फैसलों से घरेलू कीमतों को बढ़ने से रोका गया है। साथ ही, समुद्र में फंसे भारतीय नाविकों को सुरक्षित निकालने के प्रयास भी जारी हैं।



दुनिया भर में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और पश्चिम एशिया में जारी अस्थाई संकट के बीच भारत सरकार ने आम जनता को बड़ी राहत दी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने रविवार को कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

**फुल स्पीड में रिफाइनरियां, स्टॉक भी पर्याप्त- सरकार-** मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, देश की सभी तेल रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं। सरकार के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। साथ ही, पेट्रोल और डीजल का भंडार भी इतना है कि बाजार में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में असामान्य उछाल के बावजूद सरकार ने घरेलू बाजार में तेल की कीमतों को स्थिर रखा है।

**समुद्र में सुरक्षित हैं भारतीय नाविक-** शिपिंग मंत्रालय ने भी बड़ी अपडेट दी है। पश्चिम एशिया के तनावपूर्ण इलाके में मौजूद सभी भारतीय नाविक पूरी तरह सुरक्षित हैं। पिछले 24 घंटों में किसी भी भारतीय जहाज के साथ कोई अनहोनी नहीं हुई है। शिपिंग नियंत्रण कक्ष 24 घंटे काम कर रहा है और अब तक 2,084 भारतीय नाविकों को सुरक्षित घर वापस लाया जा चुका है। भारत के सभी बंदरगाहों पर कामकाज सामान्य है और कहीं भी माल की आवाजाही में रुकावट नहीं है।

**आम जनता को राहत देने के लिए कर में कटौती-** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल महंगा होने का असर सीधे जनता की जेब पर न पड़े, इसके लिए भारत सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर लगने वाली उत्पाद शुल्क यानी कि एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती कर दी है। इसके अलावा, घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्यात पर सख्ती बढ़ा दी गई है। 11 अप्रैल 2026 को जारी अधिसूचना के मुताबिक, डीजल के निर्यात पर लेवी बढ़ाकर 55.50 रुपये और हवाई ईंधन पर 42 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है।

**रसोई गैस और केरोसिन पर खास ध्यान-** सरकार के मुताबिक, आम घरों की जरूरतों को देखते हुए रिफाइनरियों से एलपीजी का उत्पादन बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नियमित कोटे से अलग 48,000 किलोलीटर केरोसिन का अतिरिक्त आवंटन किया गया है। दवा, खाद्य वितरण और रसायन जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों को भी रोजाना 800 मीट्रिक टन सी3 और सी4 स्ट्रीम की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

मनी लॉन्ड्रिंग जांच में मेरलिन ग्रुप पर

# ईडी का शिकंजा सियासी कनेक्शन सामने आने से बढ़ी हलचल

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े एक बड़े मामले में कोलकाता की रियल एस्टेट कंपनी मेरलिन ग्रुप के खिलाफ व्यापक कार्रवाई करते हुए कई ठिकानों पर छापेमारी की है। की गई इस कार्रवाई में एजेंसी ने कंपनी और उसके प्रमोटरों से जुड़े सात परिसरों को निशाना बनाया। जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और वित्तीय लेन-देन से जुड़े साक्ष्य बरामद किए गए हैं, जिनसे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है।

एजेंसी के अनुसार, यह छापेमारी लंबे समय से चल रही जांच का हिस्सा है, जिसमें कंपनी के प्रमोटर सुशील मेहता और साकेत मेहता की भूमिका की गहन जांच की जा रही है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि कंपनी और उससे जुड़े लोगों ने कथित रूप से जमीन से जुड़े कई फर्जीवाड़े किए हैं और अवैध तरीके से संपत्तियों का अधिग्रहण किया है। सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी का मुख्य उद्देश्य उन वित्तीय अनियमितताओं और संपत्ति से जुड़े लेन-देन के साक्ष्य जुटाना था, जिनके जरिए बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग को अंजाम दिया गया। जांच एजेंसी का दावा है कि कंपनी ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर कई जमीनों पर अवैध कब्जा किया, जिनमें सार्वजनिक जमीन भी शामिल बताई जा रही है। इसके बाद इन जमीनों पर बड़े रियल एस्टेट प्रोजेक्ट शुरू कर भारी निवेश जुटाया गया। ईडी की जांच में यह भी सामने आया है कि कंपनी और उसके प्रमोटरों ने खुद को वैध मालिक के रूप में पेश कर आम लोगों को निवेश के लिए प्रेरित किया। इस प्रक्रिया में बड़ी संख्या में निवेशकों से धन जुटाया गया, जिसे बाद में संदिग्ध तरीके से घुमाया गया। एजेंसी अब इस बात की पड़ताल कर रही है कि इन पैसों का उपयोग किन-किन माध्यमों से किया गया और क्या इसमें अन्य कंपनियों या व्यक्तियों की भी भूमिका रही है। इस पूरे मामले में सबसे बड़ा मोड़ तब आया जब जांच के दौरान कुछ वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं और राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ संभावित संबंधों के संकेत मिले। सूत्रों के अनुसार, इन व्यक्तियों के साथ कंपनी के वित्तीय लेन-देन और अन्य प्रकार के संबंधों की जांच की जा रही है।

## उमा भारती के लिए चेन पुलिंग कर पंजाब मेल रोकी, झांसी में 5 मिनट खड़ी रही



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के लिए रविवार को झांसी में चेन पुलिंग कर पंजाब मेल रोकनी पड़ी। उमा भारती प्लेटफॉर्म पर पहुंचीं तो नई दिल्ली जाने वाली पंजाब मेल रवाना हो चुकी थी। ट्रेन आधा प्लेटफॉर्म छोड़ चुकी थी। उमा के समर्थकों ने तत्काल ट्रेन को रुकवाया। उन्हें ट्रेन के फर्स्ट एसी कोच अ-1 में सवार होना था। लेकिन जब तक ट्रेन रुकी, कोच अ-1 यार्ड में पहुंच चुका था। इस कारण वह इ-1 कोच में सवार हुईं।

उन्होंने ट्रेन के गेट पर ही खड़े होकर मीडिया से बात भी की। चेन पुलिंग के चलते ट्रेन के ब्रेक की एयर रिलीज हो चुकी थी। ट्रेन 5 मिनट तक आधी प्लेटफॉर्म और आधी यार्ड में खड़ी रही। उमा भारती के ट्रेन में सवार होने के बाद गाड़ी को आगे रवाना किया गया।

### उमा भारती का दावा- 2 बजकर 18 मिनट पर स्टेशन पर पहुंच गई थी

पूर्व सीएम उमा भारती ने दावा किया कि वे रविवार दोपहर 2:18 बजे झांसी रेलवे स्टेशन आ गई थीं। ट्रेन 2:23 बजे की थी। उमा भारती ने कहा- मैं एस्केलेटर से जा रही थी, लेकिन अफसरों ने ई-कार्ट से जाने के लिए कह दिया। कुछ दूरी चलने पर ई-कार्ट के सामने से एक ट्रेन निकली, इसलिए पांच मिनट तक वहीं खड़े रहना पड़ा। फिर हाथ ठेला निकला। इसके चलते ट्रेन छूट गई। उमा भारती ने घटना के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को सोशल मीडिया पर एक लेटर लिखा है। उमा भारती ने कहा, मैंने पूर्व में मथुरा रेलवे स्टेशन की यात्रियों के प्रति संवेदनहीनता की बात लिखी है। मेरे साथ आज फिर झांसी रेलवे स्टेशन पर चढ़ते हुए एक घटना हो गई जिसमें कोई अपराधी नहीं है, बल्कि स्टेशनों पर आधुनिक सुविधाओं के निर्माण में व्यावहारिक संवेदनशीलता का अभाव कारण बना है।

### चीन ने 9 साल में 89 जगहों के नाम बदले

# भारत बोला-चीन के दिए नाम मनगढ़ंत, अरुणाचल भारत का हिस्सा, झूठे दावे हकीकत नहीं बदलते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

चीन की ओर से अरुणाचल प्रदेश के स्थानों को फर्जी नाम देने पर भारत ने विरोध जताया है। विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि ऐसे झूठे दावे जमीन की हकीकत नहीं बदल सकते। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा।

चीन अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के लिए अपने हिसाब से नाम तय करता रहा है और उस पर दावा करता है। भारत ने इस तरह के कदम को खारिज करते हुए कहा कि यह भारत का हिस्सा है। इसमें कोई बदलाव नहीं हो सकता। चीन ने पिछले 9 साल में 89 भारतीय जगहों के नाम बदले हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने यह बयान एक मीडिया सवाल के जवाब में दिया। उन्होंने एक प्रेस नोट जारी करते हुए लिखा कि भारत अपने क्षेत्र के हिस्सों को दिए गए फर्जी नामों को पूरी तरह खारिज करता है। चीन की ओर से ऐसे नाम तय करना शरारती कोशिश है।

इधर, चीन ने शिनजियांग क्षेत्र में 'सेनलिंग' नाम से नया काउंटी बनाया है। इसे 26 मार्च को मंजूरी दी गई। यह इलाका कराकोरम क्षेत्र के पास है। जो अफगानिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (ढक्क्ड) की सीमा के करीब स्थित है। काउंटी चीन की प्रशासनिक इकाई होती है, जो जिले जैसी होती है।

### दोनों देशों के रिश्तों पर असर की चेतावनी

भारत ने कहा कि चीन के ऐसे कदम दोनों देशों के रिश्तों को सामान्य बनाने की कोशिशों को प्रभावित करते हैं। चीन को ऐसे कदमों से बचना चाहिए, जो रिश्तों में नकारात्मकता लाते हैं और बेहतर समझ बनाने की प्रक्रिया को कमजोर करते हैं।



भारत की ओर से यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब लद्दाख को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ है।

### एक साल में तीसरी बार शिनजियांग में काउंटी बनाया

चीन ने शिनजियांग क्षेत्र में 'सेनलिंग' नाम से नया काउंटी बनाया है। पिछले एक साल में चीन तीसरी बार शिनजियांग में नया काउंटी बना चुका है। इससे पहले ह्यहियानह्व और ह्यहेकांगह्व काउंटी बनाए गए थे। हियान काउंटी का बड़ा हिस्सा अक्साई चिन क्षेत्र में आता है, जिसे भारत लद्दाख का हिस्सा मानता है। नया काउंटी काशगर क्षेत्र से जुड़ा है, जो प्राचीन सिल्क रूट का अहम केंद्र रहा है। सिल्क रूट वह ऐतिहासिक व्यापार मार्ग था, जो चीन को मध्य एशिया और यूरोप से जोड़ता था। आज यही क्षेत्र चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर की शुरूआत का भी केंद्र है। यह प्रोजेक्ट पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से होकर गुजरता है, जिसे भारत अपनी संप्रभुता का उल्लंघन मानता है। हालांकि सेनलिंग काउंटी की सीमाएं स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन संवेदनशील सीमा क्षेत्रों के पास इस तरह के प्रशासनिक बदलाव को लेकर भारत ने चिंता जताई है।

### कर्नाटक कांग्रेस के 30 विधायक दिल्ली पहुंचे

कर्नाटक कांग्रेस में कैबिनेट फेरबदल की मांग कर रहे 40 सीनियर विधायकों में 30 विधायक रविवार को दिल्ली पहुंचे। यहां वे पार्टी हाईकमान से मिलकर मंत्रिमंडल में फेरबदल और नए चेहरों को मौका देने की मांग करेंगे। तीन से ज्यादा बार विधायक बन चुके करीब 40 विधायकों की मांग है कि मौजूदा मंत्रियों को लगभग तीन साल का समय मिल चुका है, इसलिए अब सीनियर विधायकों को मौका दिया जाए। वहीं पहली बार चुने गए 38 कांग्रेस विधायक भी सक्रिय हो गए हैं। उन्होंने पार्टी नेतृत्व को पत्र लिखकर कम से कम 5 नए विधायकों को मंत्री बनाने की मांग की है। मांड्या विधायक रविकुमार गौड़ा ने कहा कि नए चेहरों को भी मौका मिलना चाहिए। कर्नाटक में मुख्यमंत्री समेत कुल 34 मंत्रियों की मंजूरी है। फिलहाल दो मंत्री पद पहले से खाली हैं। इनमें एक पद बी नागेंद्र के इस्तीफे के बाद खाली हुआ, जिन पर कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि एसटी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन में गबन के आरोप लगे थे। दूसरा पद पार्टी हाईकमान के निर्देश पर केएन राजन्ना को हटाए जाने के बाद खाली हुआ। ऐसे में विधायकों की मांग है कि इन पदों को भरने के साथ व्यापक फेरबदल किया जाए।

### बंगाल चुनाव से पहले नेताजी के पोते TMC में शामिल



सुभाष चंद्र बोस के पोते और पूर्व बीजेपी नेता चंद्र कुमार बोस रविवार को टीएमसी में शामिल हो गए। बोस ने राज्य मंत्री ब्रात्य बसु और TMC सांसद कीर्ति आजाद की मौजूदगी में सत्ताधारी पार्टी जॉइन की। टीएमसी में शामिल होने के बाद चंद्र कुमार ने कहा- आज हम देख रहे हैं कि BJP बांटने वाली राजनीति करती है और सांप्रदायिक नफरत फैलाती है। अब हमें भारत को बचाने और बांटने वाली राजनीति का विरोध करने के लिए लड़ना होगा।

चंद्र बोस 2016 में BJP में शामिल हुए थे और उसी साल भवानीपुर से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वे हार गए। बाद में उन्होंने 2019 का लोकसभा चुनाव कोलकाता दक्षिण से लड़ा लेकिन उन्हें फिर से हार का सामना करना पड़ा। 2023 में उन्होंने भाजपा छोड़ दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को शाम 4 बजे 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत संवाद' कार्यक्रम के माध्यम से तमिलनाडु के भाजपा कार्यकर्ताओं से वर्चुअल संवाद करेंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा- बीजेपी ने बंगाल में टीएमसी सरकार को सत्ता से हटाने के लिए 1000 करोड़ की डील की है।

### मध्य प्रदेश, राजस्थान में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब

# जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में बर्फबारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश के ज्यादातर हिस्सों में गर्मी का असर बढ़ने लगा है। राजस्थान और उत्तर प्रदेश में दिन में तेज धूप के साथ तापमान बढ़ रहा है। राजस्थान के जयपुर, अलवर और सीकर समेत कई शहरों में तापमान 2 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा है।

मध्य प्रदेश में रविवार को 5 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार रहा। रतलाम में सबसे ज्यादा 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसाम विभाग के मुताबिक, राज्य में16 अप्रैल से हीट वेव यानी, लू का असर शुरू होगा।

राजस्थान में धीरे-धीरे गर्मी बढ़ने लगी है। राज्य के 12 से ज्यादा जिलों में रविवार दिन का अधिकतम तापमान 35-40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। वहीं, तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज होने लगा है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 4-5 दिन आसमान साफ रहेगा और तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है।

आंध्र प्रदेश और गुजरात के कुछ हिस्सों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। आंध्र प्रदेश के कई जिलों में तापमान 40त्व के पार पहुंच गया है, जबकि कुछ जगहों पर 44त्व तक रिकॉर्ड किया गया। लोगों को गर्मी और उमस से सावधान रहने की सलाह दी गई है।



#### अगले दो दिन के मौसम का हाल

14 अप्रैलः उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड में गर्मी तेज रहेगी। बिहार और पूर्वी भारत में भी 3-5त्व तक बढ़ोतरी हो सकती है। पूर्वोत्तर राज्य असम, मेघालय, अरुणाचल में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। जम्मू-कश्मीर में हल्की बारिश और बिजली गिरने के आसार हैं। 15 अप्रैलः उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड में गर्मी और बढ़ेगी। मध्य प्रदेश में तापमान में 3-5त्व तक की बढ़ोतरी का असर बना रहेगा। इन राज्यों में मौसम सूखा रहेगा और दिन में तेज गर्मी महसूस होगी।

दिल्ली में रविवार को अधिकतम तापमान 34.7त्व दर्ज हुआ, जो सामान्य से 1.4त्व कम रहा। वहीं, मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश समेत 8 राज्यों में आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है। ओडिशा और तमिलनाडु समेत 6 राज्यों में गर्मी और उमस बनी रहने की संभावना है।

आंधी-बारिश का दौर खत्म होते ही मध्य प्रदेश में तेज गर्मी का असर शुरू हो गया है। रविवार को 5 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार रहा। रतलाम में सबसे ज्यादा 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र भोपाल की माने तो प्रदेश में अब भीषण गर्मी पड़ेगी। 16 अप्रैल से हीट वेव यानी, लू का असर शुरू होगा। मौसम विभाग के अनुसार, मालवा-निमाड़ यानी, इंदौर और उज्जैन संभाग के शहर सबसे गर्म हैं। रविवार को इन्हीं शहरों में पारा बढ़ा हुआ रहा। रतलाम के बाद खजुराहो में 40.4 डिग्री, धार, मंडला-नर्मदापुरम में 40.2 डिग्री, दमोह, रीवा-टीकमगढ़ में 39.5 डिग्री, खरगोन में 39.2 डिग्री, रायसेन, छिंदवाड़ा, उमरिया, सतना और मलाजखंड में पारा 39 डिग्री, बैतूल-सागर में 38.8 डिग्री, नौगांव में 38.2 डिग्री, खंडवा में 38.1 डिग्री, सिवनी-सीधी में 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## तेलंगाना के सरकारी स्कूल में एआई से पढ़ाई:105 सीटों के लिए 3500 आवेदन आए;

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से 104 किमी दूर नलगोंडा स्थित कोमटिरेड्डी प्रतीक सरकारी स्कूल का पूरी तरह कायाकल्प किया गया है। अब यह एसी कैंपस, 36 स्मार्ट क्लास, आधुनिक लैब, लाइब्रेरी और एआई आधारित पढ़ाई से लैस मॉडल सरकारी स्कूल बन गया है। स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर है। कक्षा 2 और 3 के लिए खेल व गतिविधि आधारित शिक्षण, कहानी, फॉनिक्स, ऑडियो-वीडियो और प्रैक्टिकल लर्निंग की व्यवस्था की गई है। पर्यावरण शिक्षा के लिए किचन गार्डन भी बनाया गया है।

स्कूल में स्वच्छ शौचालय, शुद्ध पेयजल, डाइनिंग हॉल और हर मंजिल के लिए लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध है। ये सभी सुविधाएं छात्रों को पूरी तरह निःशुल्क दी जा रही हैं। तेलंगाना के सड़क और भवन मंत्री कोमाटिरेड्डी ने अपने ट्रस्ट से 8 करोड़ रुपये खर्च कर स्कूल का पुनर्निर्माण कराया है। सीटें सीमित होने से समय पर आवेदन करने वाले छात्रों को ही प्रवेश मिला है, जिससे एडमिशन के लिए पैरेंट्स की लंबी लाइन लग रही हैं।

### 105 सीटों के लिए 3500 आवेदन आए

स्कूल में 12 शिक्षक और करीब 250 बच्चे हैं। अब तक 3500 आवेदन फार्म अभिभावक ले जा चुके हैं। इनमें से 2084 आवेदन फार्म जमा भी हो गए हैं।

## अगर हमने सैन्य सहायता करते हुए पकड़ा, तो 50% टैरिफ लगाएंगे

# चीन को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी- एक इंटरव्यू में कहा... ईरान की मदद नहीं करे



ब्रह्मास्त्र ›› तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने चीन को ईरान की मदद नहीं करने की धमकी दी है। उन्होंने कल एक इंटरव्यू में कहा कि अगर चीन ईरान को सैन्य मदद देता हुआ पकड़ा गया, तो उस पर 50% तक टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रम्प ने यह भी कहा कि ब्रिटेन और कुछ अन्य देश होर्मुज स्ट्रेट में माइन (बारूदी सुरंग) हटाने वाले नौसैनिक जहाज भेजेंगे। इससे पहले ट्रम्प ने कहा था कि उनका देश सही समय आने पर ईरान के खिलाफ कार्रवाई करेगा। वह इसके लिए पूरी तरह तैयार है।

उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अमेरिका लॉक्ड एंड लोडेड है, यानी पूरी तरह तैयार है। जब सही समय आएगा, तो अमेरिकी सेना ईरान पर कार्रवाई कर सकती है।

चीन को धमकी- ट्रम्प ने चीन को साफ चेतावनी दी है कि अगर उसने ईरान की सैन्य मदद की, तो अमेरिका उस पर 50% तक भारी टैरिफ लगा देगा।

होर्मुज की नाकाबंदी- ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी नौसेना होर्मुज स्ट्रेट में नाकाबंदी करेगी और ईरान को टोल देने वाले जहाजों को भी रास्ते में रोक लिया जाएगा।

इजराइली मंत्री का मस्जिद दौरा- इजराइल के मंत्री बेन गविर के अल अक्सा मस्जिद दौरे पर जॉर्डन ने विरोध जताया और इसे भड़काऊ कदम बताते हुए धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कहा।


ईरान ने टोल मांगा- ईरान ने दावा किया कि होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह उसके कंट्रोल में है और वहां से गुजरने वाले जहाजों को रियाल में टोल देना जरूरी होगा।

50 लोग गिरफ्तार- ईरान में करीब 50 लोगों को जासूसी के आरोप में पकड़ा गया है, जिन पर अमेरिका और इजराइल को संवेदनशील जानकारी देने का आरोप है।

### ईरान ने कहा- अमेरिका की नाकेबंदी फेल होगी

ईरान ने अमेरिका की नौसैनिक नाकेबंदी पर सख्त चेतावनी दी है। ईरान के सीनियर नेता मोहसिन रेजाई ने कहा कि यह नाकेबंदी फेल होगी और अमेरिका को हार का सामना करना पड़ेगा। रेजाई ने कहा कि जैसे अमेरिका होर्मुज स्ट्रेट के मामले में ईरान के खिलाफ सफल नहीं हो पाया, वैसे ही इस बार भी नाकाम रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरानी सेना अमेरिका को ऐसी कार्रवाई की अनुमति नहीं देगी। रेजाई ने दावा किया कि ईरान के पास जवाब देने के लिए कई अनछुए विकल्प मौजूद हैं, जिनका अभी तक इस्तेमाल नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि ईरान ऐसा देश नहीं है जिसे ट्वीट और काल्पनिक योजनाओं के जरिए घेरा जा सके।

### अमेरिका की नाकाबंदी के ऐलान के बाद तेल की कीमतें बढ़ीं



अमेरिका ने ऐलान किया है कि सोमवार से ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी की जाएगी। इसके बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी देखी गई है। शुरूआती कारोबार में अमेरिकी क्रूड ऑयल 8% बढ़कर 104.24 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। वहीं अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 7% बढ़कर 102.29 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

## पाकिस्तान को 46,500 करोड़ की मदद देंगे सऊदी-कतर



पाकिस्तान को सऊदी अरब और कतर से 5 अरब डॉलर (लगभग 46,500 करोड़ रुपए) की वित्तीय मदद मिलेगी। यह मदद ऐसे समय में आ रही है, जब देश को इस महीने के अंत तक वअए को 3.5 अरब डॉलर (लगभग 29,000 करोड़ रुपए) चुकाने हैं। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की कमजोर विदेशी मुद्रा स्थिति संभालने के लिए यह मदद अहम मानी जा रही है। वअए ने हाल ही में कर्ज रोलओवर की नीति में बदलाव किए थे। इसके बाद पाकिस्तान ने अप्रैल तक वअए का 3.5 अरब डॉलर का कर्ज चुकाने का फैसला किया। तय शेड्यूल के मुताबिक 23 अप्रैल तक पाकिस्तान को इस कर्ज की आखरी किस्त देनी है। इसका मतलब कर्ज चुकाने के लिए सिर्फ 11 दिन का समय बाकी है। इसके अलावा, अप्रैल में पाकिस्तान को कुल करीब 4.8 अरब डॉलर चुकाने हैं, जिसमें एक बड़ा बॉन्ड भी शामिल है।

### पाकिस्तान में पैसे बनाए रखने की शर्त

पाकिस्तान की खराब आर्थिक स्थिति को संभालने के लिए 3 साल का प्रोग्राम शुरू किया है, जिसके तहत उसे करीब 7 अरब डॉलर की मदद मिलेगी। इसके बदले क्ट्रत्र ने शर्त रखी है कि पाकिस्तान के बड़े कर्जदाता सऊदी अरब, चीन और वअए अपने कर्ज के पैसे 3 साल तक तक पाकिस्तान में ही रखेंगे, यानी वे पैसा वापस नहीं निकालेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आगे चलकर कतर, वअए की जगह ले सकता है।

### अप्रैल अंत तक UAE का पैसा चुकाना है

UAE ने हाल में कर्ज रोलओवर की नीति बदलकर शॉर्ट-टर्म एक्सटेंशन शुरू कर दिया है, जिससे पाकिस्तान पर जल्दी भुगतान का दबाव बढ़ा। इसके बाद पाकिस्तान ने वअए का 3.5 अरब डॉलर यानी करीब 29,000 करोड़ रुपए का कर्ज 11, 17 और 23 अप्रैल को अलग-अलग किस्तों में लौटाने का फैसला लिया।

# तुर्किये में नेतन्याहू समेत 35 लोगों पर केस, 4600 साल तक जेल की सजा की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› तुर्किये

तुर्किये में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समेत 35 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। यह मामला गाजा जा रहे राहत मिशन पर कथित हमले से जुड़ा है। इस्तांबुल के मुख्य सरकारी वकील के दफ्तर ने आरोपपत्र दाखिल किया है, जिसमें सभी आरोपियों के लिए कड़ी सजा की मांग की गई है। इसमें उम्रकैद के साथ 1,102 साल से लेकर 4,596 साल तक की अतिरिक्त सजा की मांग शामिल है। आरोपों में मानवता के खिलाफ अपराध, नरसंहार, गैरकानूनी हिरासत, यातना और लूट जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यह मामला पिछले साल सितंबर में हुई एक घटना से जुड़ा है, जब सुमुद फ्लोटिला नाम का एक राहत मिशन गाजा की ओर जा रहा था।

### नाइजीरिया की एयरफोर्स ने गलती से गांव पर हमला किया, 200 लोगों की मौत

**नाइजीरिया.** नाइजीरिया की एयरफोर्स ने रविवार को गलती से एक गांव पर हवाई हमला कर दिया, जिसमें 200 लोगों की मौत हो गई। यह हमला उत्तर पूर्वी इलाके के एक बाजार में हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला आतंकियों को निशाना बनाने के लिए किया गया था, लेकिन गलती एक बाजार इसकी चपेट में आ गया। यह इलाका बोर्नो राज्य की सीमा के पास है, जहां लंबे समय से आतंकी हिंसा चल रही है। सरकारी अधिकारियों ने भी माना है कि यह हमला गलती से हुआ, लेकिन उन्होंने अभी तक ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की है।

# युगांडा आर्मी चीफ ने तुर्किये से सबसे खूबसूरत महिला मांगी

## नहीं मिली तो डिप्लोमेटिक रिश्ते तोड़ेंगे, तुर्किश एयरलाइनंस पर भी रोक लगा देंगे

ब्रह्मास्त्र ›› कम्पाला




युगांडा के आर्मी चीफ और राष्ट्रपति के बेटे मुहूजी कैनेरुगाबा ने तुर्किये से 1 अरब डॉलर ( 9000 करोड़) और देश की सबसे खूबसूरत महिला को अपनी पत्नी बनाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं हुई तो तुर्किये से कूटनीतिक संबंध खत्म कर दिए जाएंगे और तुर्किश एयरलाइन पर रोक लगाई जा सकती है। कैनेरुगाबा ने पर लिखा कि अगर तुर्किये ने हमारी समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो 30 दिन में संबंध तोड़ दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि या तो वे भुगतान करें या हम उनका दूतावास बंद कर देंगे।

उन्होंने युगांडावासियों को तुर्किये यात्रा से बचने की सलाह दी और इजराइल के समर्थन में 1 लाख सैनिक भेजने की पेशकश की। हालांकि, इस पर तुर्किये की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

कैनेरुगाबा ने पोस्ट में तुर्किये पर आरोप लगाया कि उसने सोमालिया में इंफ्रास्ट्रक्चर, पोर्ट और एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स से फायदा उठाया, जबकि युगांडा ने अल-शबाब जैसे आतंकी संगठनों से लड़ने का बोझ उठाया।



## अंतर ढूंढो...




## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## वर्ग पहेली



### बाएं से दाएं

1. उच्च कुल का-3
6. जलज, पंकज, नीरज-3
7. चरित्र, धर्म-5
8. वचन, प्रतिज्ञा-3
10. आनेवाला दिन-2
12. पक्षियों का शोर, पक्षियों की चहचहाट-4
15. अनबन, कहासुनी-4
17. रुपया, पैसा-2
19. भ्रम, संदेह-3
21. कहानी लिखनेवाला-5
23. अंजन-3
24. वजह-3

### ऊपर से नीचे

2. अधिवर्ष, 29 फरवरी वाला वर्ष-2, 3
3. कंठ, गला-3
4. लाज, लज्जा-3
5. विवाह, ब्याह-2
6. सोना, धतूरा-3
9. टेका, आसरा-3
11. बुरी आदत-2
13. रेखा, लाइन-3
14. हत्या, मर्डर-2
16. नवचंद्राकार-5
18. अनुकृति-3
19. भला कार्य-3
20. घर, गृह, निवास-3
22. युद्ध, संग्राम-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | [illegible] | [illegible] | | [illegible] | र | सं | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | | [illegible] | [illegible] | [illegible] | | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | र | | [illegible] | [illegible] | [illegible] | | [illegible] |
| | [illegible] | [illegible] | [illegible] | | [illegible] | | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | | [illegible] | | [illegible] | [illegible] | [illegible] | |
| [illegible] | | [illegible] | [illegible] | [illegible] | | र | [illegible] | [illegible] |
| [illegible] | [illegible] | | [illegible] | र | [illegible] | | [illegible] | [illegible] |
| र | [illegible] | [illegible] | | [illegible] | | [illegible] | र | |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | | 2 | | 15 | | 3 | = | 60 |
| | | | | | | | | |
| 25 | | 5 | | 2 | | 5 | = | 5 |
| | | | | | | | | |
| 5 | | 20 | | 2 | | 12 | = | 38 |
| | | | | | | | | |
| 10 | | 5 | | 10 | | 5 | = | 15 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 33 | | 22 | | 5 | | 15 | = | 12 / 70 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | व | र | नो | ए | क्री | स | प | ला | नी | क |
| पु | है | क | ज | ई | डे | ने | ह | ई | म | ल |
| म | क्या | दि | ल | ने | क | ह | ड | सा | प | नि |
| हु | रा | ल | मा | ज | ल | स | रा | न | ड़ | ही |
| को | ई | मे | रे | टि | ल | से | पु | छे | क | नि |
| द | जे | कि | र | क | पा | का | म | न | रि | या |
| शी | मा | दे | प्या | व | था | य | अ | म | क | ती |
| द | दे | श | रे | न | प | य | यु | घु | व | ला |
| स | दि | ल | मो | ले | दा | र | जा | वा | बी | दे |
| शि | ज | ति | ह | हि | द | ह | मा | द | ल | र |
| त | र | सु | न | मा | स्व | रा | ज | त | र | म |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 5 | | 1 | |
| | 34 | 2 | 36 | 6 | 28 | 1 |
| 4 | 2 | | 1 | | | |
| | 33 | 4 | 34 | | 31 | 6 |
| 1 | 6 | | 7 | 3 | | |
| | 28 | 3 | 32 | | 33 | 7 |
| | 3 | | 4 | | 6 | 2 |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# अलविदा आशा भोसले

## रिजेक्शन से वर्ल्ड रिकॉर्ड तक का सफर:82 साल के सिंगिंग करियर में 100+ अवॉर्ड जीते; 20 भाषाओं में 12 हजार गाने

भारतीय संगीत जगत की सबसे वसेर्टाइल और दिग्गज सिंगर आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने रविवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। आशा जी बीते 70 सालों से अधिक समय से हिंदी सिनेमा का अभिन्न हिस्सा थीं और शनिवार रात उन्हें चेस्ट इन्फेक्शन के चलते अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।



## आशा भोसले
### के सुपरहिट गाने



**उड़ें जब जब जुल्फें तेरी**
फिल्म- नया दौर (1957)



**ओ मेरे सोना रे**
फिल्म- तीसरी मंजिल (1966)



**कजरा मोहब्बत वाला**
फिल्म- किस्मत (1968)



**पिया तू अब तो आजा**
फिल्म- कारवां (1971)



**दम मारो दम**
फिल्म- हरे रामा हरे कृष्णा (1971)




**आइए मेहरबां**
फिल्म- हावड़ा ब्रिज (1958)



**इन आंखों की मस्ती के.... दिल चीज क्या है.....**
फिल्म- उमराव जान (1981)




**तन्हा तन्हा यहां पे जीना ये कोई बात है**
फिल्म- रंगीला (1995)



**जरा सा झूम लूं मैं**
फिल्म- दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (1995)



**राधा कैसे न जले**
फिल्म- लगान (2001)



**शरारा शरारा**
फिल्म- मेरे यार की शादी है (2002)

भारतीय संगीत जगत की सबसे वसेर्टाइल और दिग्गज सिंगर आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने रविवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। आशा जी बीते 70 सालों से अधिक समय से हिंदी सिनेमा का अभिन्न हिस्सा थीं और शनिवार रात उन्हें चेस्ट इन्फेक्शन के चलते अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।

10 साल की उम्र में अपना पहला गाना गाने वाली आशा का सिंगिंग करियर 82 साल का रहा, जिसमें उन्होंने 12 हजार से ज्यादा गाने गाकर अपना नाम 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में दर्ज कराया। शास्त्रीय संगीत से लेकर कैबरे, पॉप, जैज और गजल तक, हर विधा में उन्होंने अपनी महारत साबित की।

आशा भोसले ने 9 फिल्मफेयर जीते हैं। इनमें 7 बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर अवॉर्ड शामिल हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, आशा को 100 से ज्यादा प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स मिले। आशा को कुल 18 बार फिल्मफेयर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया। आशा का आखिरी गाना 2026 में रिलीज हुआ।

### जब शाहरुख ने उठाया आशा जी का जूठा कप

साल 2023 के क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल के दौरान शाहरुख, आशा भोसले के साथ बैठे थे। जब आशा जी ने चाय पी ली, तो शाहरुख ने बड़े सम्मान के साथ उनके हाथ से खाली कप लिया और खुद उठाकर दूसरी तरफ रखने चले गए। आशा जी और उनकी पोती जनाई ने उन्हें मना भी किया, लेकिन किंग खान ने अपनी सीट से उठकर यह काम किया। सोशल मीडिया पर यह वीडियो उनके निधन के बाद दोबारा वायरल हो रहा है।



### सोनू निगम ने धोए थे पैर

सिंगर सोनू निगम ने आशा जी के निधन पर यादगार तस्वीरें साझा कीं, जिनमें वे आशा भोसले के पैर पानी से धोते हुए नजर आ रहे हैं। फोटो में तो सोनू खुशी-खुशी आशा जी के पैरों को पानी से धो रहे हैं। इसमें आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत भी बैठे नजर आते हैं। वहीं दूसरी फोटो में वो स्टेज पर आशा भोसले के पांव को छू रहे हैं।

### रफी साहब से लगी 500 की शर्त

आशा भोसले ने एक बार बताया था कि 'आजा आजा मैं हूं प्यार तेरा' गाने को लेकर उन्होंने मोहम्मद रफी से 500-500 रुपए की शर्त लगाई थी कि दोनों में से कौन बेहतर गाएगा। यह शर्त आशा जी ने जीती थी। इसी गाने के रियाज को लेकर उन्होंने मजेदार किस्सा सुनाया था कि वे इस गाने का इतना अभ्यास कर रही थीं कि उनके ड्राइवर को लगा उन्हें सांस लेने की कोई दिक्कत हो रही है।





## आशा भोसले
### को मिले टॉप अवार्ड्स



पद्म विभूषण



दादा साहब फाल्के अवार्ड्स




फिल्मफेयर अवॉर्ड्स: 9

नेशनल अवॉर्ड्स: 2 | गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड: 1



### करियर की शुरूआत और 1947 में रिजेक्शन

आशा ने अपने सिंगिंग करियर की शुरूआत 1943 में मराठी फिल्म 'माझा बाळ' के गाने ह्यचला चला नव बाड़ाह्न से की थी। इसके बाद 15 साल की उम्र में उन्हें 1948 में हिंदी फिल्म 'चुनरिया' का गाना 'सावन आया' मिला। उस दौर में नूर जहां, शमशाद बेगम और गीता दत्त जैसी बड़ी गायिकाओं का दबदबा था। आशा को केवल वही गाने मिलते थे जिन्हें बड़ी सिंगर्स या तो छोड़ देती थीं या उनकी फीस फिल्ममेकर्स नहीं दे पाते थे। सी संघर्ष के दौरान 1947 में आशा भोसले के साथ एक ऐसी घटना घटी जिसने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया। वे किशोर कुमार के साथ 'फेमस स्टूडियो' में फिल्म ह्यजान पहचान' के लिए गाना रिकॉर्ड करने गई थीं। संगीतकार खेमचंद प्रकाश वहां मौजूद थे। जैसे ही आशा और किशोर दा ने माइक के सामने गाना शुरू किया, रिकॉर्डिस्ट रॉबिन चटर्जी ने म्यूजिक डायरेक्टर से बंगाली में कहा- इन दोनों की आवाज माइक में अच्छी नहीं लग रही, इनका गला खराब है, किसी और को बुलाओ।

## रोते हुए रिकॉर्ड किया 'अब के बरस भेज भैया'

फिल्म 'बंदिनी' का गाना 'अब के बरस भेज भैया' औरतों के दर्द को बयां करता था। आशा जी ने बताया था कि इस गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान उन्हें अपने भाई की इतनी याद आई कि वे रो पड़ी थीं। उन्होंने रोते हुए ही इस गाने को सिर्फ एक टेक में रिकॉर्ड कर दिया था। वहीं, उनके मशहूर गाने 'दम मारो दम' को रेडियो और टीवी पर बैन कर दिया गया था, लेकिन इसी गाने के लिए उन्हें बेस्ट प्लेबैक सिंगर का अवॉर्ड मिला।

## लता दीदी के साथ प्रेशर और दूध-मलाई का शौक

आशा जी बचपन में खेल-कूद और खाने-पीने की शौकीन थीं, खासकर दूध और मलाई उनकी कमजोरी थी। गायिकी के दौरान अपनी बड़ी बहन लता मंगेशकर के साथ उनके रिश्ते खास थे। उन्होंने बताया था कि जब वे दीदी के साथ 'मन क्यों बहका' गाना गाती थीं, तो एक-दूसरे की नजरों को देखकर लाइन उठाती थीं। उन्हें हमेशा लगता था कि दीदी के सामने उनकी गायिकी कम न पड़े।

## सांगली में जन्म और गरीबी का संघर्ष

8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में जन्मीं आशा भोसले का बचपन बेहद तंगहाली में बीता। उनके पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर एक रंगमंच कलाकार और शास्त्रीय गायक थे। घर में संगीत का माहौल तो था, लेकिन आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी। गरीबी का आलम यह था कि फीस न होने के चलते उन्हें स्कूल से निकाल दिया गया था। बचपन का एक भावुक किस्सा है कि बड़ी बहन लता मंगेशकर जब स्कूल जाती थीं, तो वे आशा को चोरी-छिपे अपने साथ ले जाकर क्लास में बैठा लेती थीं। मास्टरजी से छिपकर दो दिन तो पढ़ाई चली, लेकिन तीसरे दिन पकड़ी गईं।



■ वर्ष-12 अंक-159 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 13 अप्रैल, 2026

## सुभाषितानि

अनालस्यं ब्रह्मचर्यं शीलं गुरुजनादरः।
स्वावलम्बः दृढाभ्यासः षडेते छात्र सद्गुणाः॥

**भावार्थ** : उदासीनता, ब्रह्मचर्य, विनय, शिक्षकों के प्रति सम्मान, आत्मनिर्भरता और दृढ़ अभ्यास ये एक छात्र के छह गुण हैं।

अथार्तुराणां न सुखं न निद्रा कामातुराणां न भयं न लज्जा।
विद्यातुराणां न सुखं न निद्रा क्षुधातुराणां न रुचि न बेला॥

**भावार्थ** : यानानूर को सुख और नींद नहीं आती; कामतुर को कोई डर और शर्म नहीं है। विद्यातुर के पास रुचि और समय की कोई भावना नहीं है और भूख से पीड़ित व्यक्ति को रुचि या समय की कोई भावना नहीं है।

## रेलवे-अधिकारिणां मते एलएचबी-प्रशिक्षकाः पारम्परिक-आईसीएफ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

रेलवे-अधिकारिणां मते एलएचबी-प्रशिक्षकाः पारम्परिक-आईसीएफ-प्रशिक्षकाणां अपेक्षया तकनीकीदृष्ट्या अधिकं उन्नताः सन्ति। तेषु उत्तमनिलम्बनप्रणाली, उन्नतब्रेकिंगप्रौद्योगिकी, अधिका स्थिरता च दृश्यते, ये सर्वे रेलवेयस्य सुरक्षायाश्च सुधारे योगदानं ददति एलएचबी-प्रशिक्षकाः जर्मन-प्रौद्योगिक्याः आधारेण भवन्ति, उच्चगतिषु अपि उत्तमं प्रदर्शनं प्रयच्छन्ति, येन दीर्घदूरयात्रायाः अनुभवः बहु सुचारुः भवति अस्य रेलयानस्य नूतनं कोचरचना अपि यात्रिकाणां विशिष्टानि आवश्यकतानि मनसि कृत्वा परिकल्पिता अस्ति। १ जेनरेट'कारः च समाविष्टाः भविष्यन्ति एषा सन्तुलितरचना सर्वेषां वर्गानां यात्रिकाणां कृते सुविधाजनकयात्रानुभवस्य लाभं प्राप्तुं समर्था भविष्यति।

## सम्पादकीयम्

### काबुल आक्रमण

मानवता एकपार्श्वे स्थापिताः सैन्यनरसंहारस्य लक्ष्यं कृत्वा अस्पतालाः, विद्यालयाः, निदोर्षाः च विश्वे वर्धमानानाम् संघर्षाणां मध्ये मानवीयमूल्यानां अन्तर्राष्ट्रीयमान्यतानां च अवहेलना क्रियते। काबुल, लेबनान, युक्रेन, इरान् च देशेषु चिकित्सालयेषु, विद्यालयेषु, चिकित्सासुविधासु च आक्रमणेषु नागरिकानां मृत्योः संख्या अधिका अभवत्। जिनेवा-सम्मेलनानां अभावेऽपि एतादृशाः आक्रमणाः वर्तन्ते। काबुल आक्रमण वर्तमानयुद्धयुगे मानवीयमूल्यानि पार्श्वे क्षिप्ताः सन्ति। अफगानिस्तानस्य राजधानी काबुलनगरे व्यसनचिकित्साचिकित्सालये पाकिस्तानस्य विमानप्रहारेन ४०० तः अधिकाः जनाः मृताः, शतशः जनाः घातिताः। अधुना एव एतादृशी घटना एषा एव न अभवत्। सैन्यनरसंहारः - अस्मिन् प्रसङ्गे पाकिस्तानदेशः सैन्यकेन्द्रं लक्ष्यं कृतवान् इति तर्कयति। तथापि एषः स्वस्य दुष्कृतानां व्याप्तिप्रयासः एव व्यर्थः। सैन्यक्रियायाः आच्छादनेन कृतं नरसंहारं इति लक्षणं कृत्वा भारतेन एतस्य आक्रमणस्य दृढतया निन्दा कृता। गतवर्षे अपि पाकिस्तान-अफगानिस्तानयोः मध्ये संघर्षस्य समये पाकिस्तानस्य सैन्येन अफगानिस्तानस्य क्रिकेट्-क्रीडकानां लक्ष्यं कृतम् आसीत्। भग्ननियमाः युक्रेनदेशस्य युद्धात् आरभ्य इरान्देशस्य संघर्षपर्यन्तं यथा यथा एतेषां संघर्षाणां व्याप्तिः विस्तारं प्राप्नोति तथा तथा मानवता घोरं प्रहारं प्राप्नोति। गतशुक्रवासरे इजरायल्-देशेन दक्षिण-लेबनान-देशस्य एकस्मिन्।

कुम्बले १५ वर्षीयं वैभवं सूर्यवंशीं भारतस्य

# अग्रिमतारकत्वेन प्रशंसति, टीम इण्डिया अवसर शीघ्र आओ




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

एकस्य विशेषकार्यक्रमस्य समये भारतीयक्रिकेट्-किंवदन्तिकः अनिलकुम्बले १५ वर्षीयस्य उदयमानस्य बल्लेबाजस्य वैभव-सूर्यवंशी इत्यस्य प्रशंसाम् अकरोत्, अयं युवा खिलाडी शीघ्रमेव भारतीयदलस्य कृते क्रीड- दृश्यते इति संकेतं दत्तवान्। भारतीयक्रिकेट् क्लबे आयोजिते प्यानलचर्चायां वदन् कुम्बले अवदत् यत् चयनकर्तानां दृष्टिः अस्मिन् प्रतिभाशालिना खिलाडये अवश्यमेव वर्तते, तस्य प्रदर्शनस्य निरन्तरं निरीक्षणं क्रियते। कुम्बले स्पष्टतया टिप्पणीं कृतवान् यत् वैभवः सूर्यवंशी यथा बल्लेबाजीं करोति तत् अन्येभ्यः क्रीडकेभ्यः भिन्नं करोति। सः अवलोकितवान् यत् एतावता अल्पवयसि एतादृशं उच्चस्तरीयं प्रदर्शनं प्रदातुं स्वयमेव उल्लेखनीयम् अस्ति-एतत् प्रमुखं कारणं यत् क्रिकेट्-जगति तस्य परितः गूञ्जनं तीव्रगत्या वर्धते। परन्तु कुम्बले इत्यनेन अपि स्वीकृतं यत् यदा एतादृशे कोमलवयसि क्रीडकस्य उपरि महती अपेक्षा क्रियन्ते तदा तेषां उपरि दबावः तदनुरूपं वर्धते। एतत् दबावं अवगत्य पूर्वभारतीयकप्तानः अवलोकितवान् यत् सूर्यवंशी कोऽपि त्वरिततां न प्राप्नोति; तस्य हस्तेषु बहुकालः अस्ति। रोचकं दृष्टिकोणं प्रदातुं कुम्बले इत्यनेन सूचितं यत् यदि सूर्यवंशी इदानीं दशवर्षेभ्यः परं क्रीडितुं आरभते चेदपि सः केवलं २५ वर्षीयः एव भविष्यति-एतत् आयुः क्रिकेट्-क्रीडकस्य करियरस्य प्रधानता इति मन्यते एतत् वचनं स्पष्टतया सूचयति यत् कुम्बले युवानस्य क्रीडकस्य करियर-प्रक्षेपवक्रतायाः विषये दीर्घकालीनदृष्टिकोणस्य वकालतम् करोति। कुम्बले सूर्यवंशी इत्यस्य च पौराणिकस्य बल्लेबाजस्य सचिन तेण्डुलकरस्य प्रारम्भिकदिनानां च तुलनां कृतवान्। सः अवदत् यत् क्रिकेट्-इतिहासः अत्यन्तं अल्पवयसि एव अन्तर्राष्ट्रीयमञ्चे पदानि स्थापयित्वा स्वप्रतिभायाः विश्वं मोहितवन्तः क्रीडकाः उदाहरणैः परिपूर्णाः सन्ति सचिन तेण्डुलकरः एतादृशः उदाहरणरूपेण तिष्ठति-एकः खिलाडी यः किशोरावस्थायां एव अन्तर्राष्ट्रीयपदार्पणं कृतवान्, ततः परं महत्त्वस्य प्रतिमा अभवत् प्रत्येकस्य क्रीडकस्य करियरमार्गः अद्वितीयः इति अपि सः अवलोकितवान्। केचन क्रीडकाः १५ वा १६ वर्षाणि यावत् एव बृहत्पदं प्राप्नुवन्ति, अन्ये तु २५ वा २८ वर्षाणि यावत् प्रतीक्षितुम् अर्हन्ति। कुम्बले इत्यस्य मते सूर्यवंशी इत्यस्य प्रकरणं तादृशं।

आवासीयक्षेत्रे संचालितस्य

## अवैधरूपेण रोटिकायाः कारखानस्य विरुद्धं कृता कार्यवाही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

नगरनिगमेन स्थापितानां नियमानाम् अत्यन्तं अवहेलना कृत्वा नगरस्य सघनजनसंख्यायुक्तेषु आवासीयक्षेत्रेषु च कार्यं कुर्वतां औद्योगिक-इकायानां विरुद्धं दमनं आरब्धम्। सर्वेभ्यः अपि उपरि जनस्वास्थ्यं सुरक्षां च प्राथमिकताम् अददात्, नगरायुक्तस्य रामप्रकाश अहिरवारस्य निदेशानुसारं कार्यं कुर्वन् नागरिकप्रशासनेन राजीवगान्धीवार्डे स्थितस्य अवैधरूपेण संचालितस्य रोटिकायाः कारखानस्य विरुद्धं महत्त्वपूर्णां कार्यवाही कृता अस्ति। एतेन कार्येण नगरस्य सीमान्तरे अवैधकारखानानि चालयन्तः संचालकाः हलचलः उत्पन्नः अस्ति। वरिष्ठनगरपालिकाधिकारिभिः निर्विवादरूपेण स्पष्टं कृतम् यत् जनसंख्यायुक्तक्षेत्रेषु स्थानीयनिवासिनां सुरक्षायाः स्वास्थ्यस्य च खतरान् जनयति कोऽपि क्रियाकलापः न सहते। प्रकरणस्य गंभीरतां दृष्ट्वा अपर आयुक्त श्रीमती श्रीमती एस. अञ्जुसिंहः स्वसमूहेन सह अस्य स्थलस्य आश्चर्यजनकं निरीक्षणं कृतवती। अन्वेषणस्य समये ज्ञातं यत् रोटिकाकारखाना-सघनजनसंख्यायुक्तस्य बस्तीयाः मध्ये कार्यं कुर्वन्-न केवलं सुरक्षामानकानां मुक्ततया अवहेलना भवति, अपितु तस्य कार्याणि परिणामतः प्रदूषणस्य, अस्वच्छतायाः च कारणेन स्थानीयनिवासिनः दीर्घकालीनदुःखस्य स्रोतः अपि आसन् अतिरिक्तायुक्तेन कारखानस्य परिचालनप्रक्रियाणां सुरक्षासाधनानाम् उपलब्धतायाः च परीक्षणं कृतम्, अस्मिन् निरीक्षणे अनेकाः अभावाः उजागरिताः। नियमानाम् उल्लङ्घनं ज्ञात्वा अस्य यूनिटस्य तत्कालं प्रभावेण कार्यं स्थगयितुं वा नगरसीमायाः बहिः स्थिते निर्दिष्टे औद्योगिकक्षेत्रे स्थानान्तरितुं वा आदेशः दत्तः अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : आज का दिन आपके लिए थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है, इसलिए सावधानी बरतें। मन में बेचैनी या उलझन बनी रह सकती है।

**वृषभ** : आज काम के लिहाज से दिन अच्छा है। नई शुरुआत के मौके मिल सकते हैं, लेकिन पुरानी आदतें आपको रोक सकती हैं।

**मिथुन** : आज काम और जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। ज्यादा काम लेने से बचें और हर किसी को हां कहने की आदत पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** : अचानक धन लाभ होने के संकेत हैं। कोई पुराना सपना फिर से याद आ सकता है, उसे धीरे-धीरे पूरा करने की शुरुआत करें।

**सिंह** : आज आपके मन में उतार-चढ़ाव रह सकते हैं, इसलिए खुद को शांत और संतुलित रखें।

**कन्या** : हर काम को परफेक्ट बनाने की चिंता छोड़ें। पहले काम पूरा करें, बाद में सुधार करें।

**तुला** : आज आपको साफ और मजबूत निर्णय लेने की जरूरत है। हर बार समझौता करना सही नहीं होता।

**वृश्चिक** : हर बात पर तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। पहले स्थिति को समझें, फिर निर्णय लें। रिश्तों में खुलकर बात करें।

**धनु** : नौकरी में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं और तरक्की के अवसर भी सामने आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी।

**मकर** : मकर राशि वालों को आज वाणी में मधुरता तो रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखें। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** : आज सिर्फ सोचने से काम नहीं चलेगा, आपको अपने विचारों को अमल में लाना होगा।

**मीन** : आज मन अशांत रहेगा। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। संतान की सेहत का ध्यान रखें।

卐 卐 卐 ज्योतिष/वास्तु 卐 卐 卐

# अक्षय तृतीया पर करने जा रहे हैं खरीदारी? राशि के अनुसार जानें क्या रहेगा आपके लिए लकी

अक्षय तृतीया पर अपनी राशि के अनुसार वस्तुओं की खरीदारी की जाए, तो जीवन में सुख-समृद्धि, उन्नति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है। आइए जानते हैं कि आपकी राशि के लिए क्या खरीदना सबसे शुभ रहेगा।

इस साल 19 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया का पावन पर्व मनाया जाएगा। मान्यता है कि, इस दिन की गई पूजा-पाठ व अन्य शुभ कार्य का फल साधक पर हमेशा बना रहता है। साथ ही इस तिथि पर खरीदारी करने का भी विशेष महत्व होता है, जिसके प्रभाव से साधक का भौतिक सुख बढ़ने के योग भी बनते हैं। इस बार अक्षय तृतीया पर बेहद शुभ संयोग बने हुए हैं। ज्योतिषियों के अनुसार, इस तिथि पर रोहिणी नक्षत्र के साथ-साथ सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का



अद्भुत संयोग बन रहा है। इतना ही नहीं, गजकेसरी योग भी इस दिन की शुभता को कई गुना बढ़ा रहा है। ऐसे में इस दिन खरीदारी करना अत्यंत और भी फलदायी हो सकता है।

लेकिन अपनी राशि के अनुसार चीजों को घर लाने से व्यक्ति को मनोवांछित फल प्राप्त हो सकते हैं। आइए इनके बारे में जानते हैं।

**मेष राशि-** इस राशि के लोग सोने की अंगूठी या लाल रंग के वस्त्र खरीद सकते हैं। इससे आत्मविश्वास और ऊर्जा में वृद्धि होगी।

**वृषभ राशि-** आपके लिए चांदी के सिक्के या आभूषण खरीदना लाभकारी रहेगा। इससे जीवन में स्थिरता बनी रहती है।

**मिथुन राशि-** आप हरे रंग की वस्तुएं या सजावटी सामान घर लेकर आ सकते हैं। इससे रिश्तों में मजबूती आती है।

**कर्क राशि-** चांदी की पायल खरीद सकते हैं। इससे आपके अटके हुए काम पूरे होने लगते हैं।

**सिंह राशि-** सिंह राशि के लोग सोने के आभूषण खरीद सकते हैं। इससे मान-सम्मान और तरक्की के योग बनते हैं।

**कन्या राशि-** आप कांसे के बर्तन खरीद सकते हैं। इससे जीवन में शुभता और घर में सकारात्मकता बढ़ती है।

**तुला राशि-** तुला राशि के लोग डेकोरेटिव आइटम खरीद सकते हैं। इससे देवी लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं।

**वृश्चिक राशि-** तांबे के बर्तन घर लाना आपके लिए लाभकारी हो सकता है। इससे साहस और सेहत में सुधार आता है।

**धनु राशि-** सोने के आभूषण या हल्दी खरीदना शुभ माना गया है। इससे सभी क्षेत्र में भाग्य का साथ मिलता है।

**मकर राशि-** चांदी के आभूषण खरीदना लाभकारी रहेगा। इससे करियर में स्थिरता आती है।

**कुंभ राशि-** नीले रंग की वस्तुएं खरीदना शुभ रहेगा। इससे नए अवसर मिल सकते हैं।

**मीन राशि-** मीन राशि वालों के लिए पीले रंग के वस्त्र खरीदना शुभ माना गया है। इससे सौभाग्य बढ़ता है।

## खबर एक नजर...

### महिला बोली आंख में मिर्ची झोंक युवक ने किया हमला

**उज्जैन।** महिदपुर थाना क्षेत्र के मेला रोड पर कपड़े की दुकान लगाने वाली जया पिता सुभाषचंद्र जैन 43 साल निवासी महादेव कालोनी जेल रोड ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि सुबह दुकान खोलने पहुंची थी, तभी एक युवक सीढ़ियों से ऊपर जाता दिखाई दिया। जिसे रोका तो उसने आंखों में मिर्ची झोंक दी और नुकीली वस्तु से हमला कर भाग निकला। थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार ने बताया कि महिला की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया। महिला उक्त हमलावर का हुलिया तक नहीं बता पा रही है। घटनास्थल पर आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर सामने आया कि उन्होने ऐसे कोई घटना होते नहीं देखी। महिला को हाथों पर खरोंच जैसे निशान है। जो किसी नकुली वस्तु के भी प्रतीत नहीं हो रहे है। मामला संदेहास्पद दिखाई दे रहा है। फिलहाल मामले का सच पता करने के लिये सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। जल्द ही घटना का सच पता लगाया लिया जायेगा।

### जूना सोमवारिया में 2 पक्षों के बीच चली लाठियां

**उज्जैन।** जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के जूना सोमवारिया में पत्ती बाजार लगता है। जहां पशुओं के लिये पत्ती बेचने के लिये आसपास के गांवों के लोग आते है। घट्टिया तहसील के पानबिहार से विरेन्द्र पिता विक्रम बागरी और रमेश पिता औंकार बागरी शनिवार-रविवार रात पत्ती लेकर पहुंचे थे। जहां पत्ती बेचने की बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों में लाठियां चल गई। उनके साथ आये साथी भी एक दूसरे पर लाठियां लेकर टूट पड़े। दोनों ओर से 3-4 लोग घायल हो गये। मामले में जीवाजीगंज पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

### रंजीश में आधी रात को 2 भाईयों पर चाकू से हमला

**उज्जैन।** नीलगंगा अखाड़े के पीछे हनुमान मंदिर के पास शनिवार-रविवार रात 12 बजे मामा-भानेज की दरगाह के पास रहने वाले 2 भाईयों आकाश पिता नंदकिशोर प्रजापत 30 साल और अनिल प्रजापत 32 साल पर चाकू से क्षेत्र के ही बदमाश विक्की उर्फ कालू तोमर ने जानलेवा हमला कर दिया। दोनों भाई गंभीर घायल हो गये। उन्हे लहूलुहान हालत में चरक अस्पताल ले जाया गया। मामले की सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना एएसआई श्रवण भदौरिया अस्पताल पहुंचे और घायल भाइयों के बयान दर्ज किये। इस दौरान मामला पुरानी रंजीश का सामने आया। एएसआई भदौरिया के अनुसार मामले में जानलेवा हमले की धारा में प्रकरण दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू की गई है। बताया जा रहा है कि चाकू से हमला करने वाला बदमाश घायल भाईयों में से एक की पत्नी कॉल कर परेशान करता था। पूर्व में समझाईश दी गई थी, लेकिन बदमाश अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। रात में दोनों भाई उसे दोबारा समझाने पहुंचे थे। उसी दौरान हमला हुआ।

### सड़क दुर्घटना में 2 घायलों की निजी अस्पताल में मौत

**उज्जैन।** कायथा और सांवेर में हुई 2 सड़क दुर्घटनाओं में मामले में घायलों को उपचार के लिये उज्जैन के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। रविवार को दोनों घायलों की मौत हो गई। नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक सुनील रावत ने बताया कि एक दुर्घटना का मामला कायथा में हुआ था। जिसमें 18 साल का तनिष्क पिता मनमोहन कमोडिया घायल हुआ था। दूसरा मामला सांवेर का सामने आया है। जिसमें गुजरात के दाहोद में रहने वाला करण पिता रमेश 35 साल घायल हुआ था। दोनों की रविवार सुबह मौत होने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। दोनों मामलों में मर्ग डायरी जांच के लिये संबंधित थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

4 5 8

### महाकालेश्वर मंदिर में भस्मारती की मांग रहा था विशेष अनुमति

# परिचय पत्र से खुला फर्जी संयुक्त सचिव का राज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

केन्द्र सरकार का संयुक्त सचिव बताकर परिवार के साथ महाकालेश्वर मंदिर में भस्मारती की विशेष अनुमति मांगने वाले व्यक्ति का राज उस वक्त खुल गया, जब उससे परिचय पत्र मांगा गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर केस दर्ज किया और प्रतिबंधात्मक धारा में न्यायालय पेश किया।

महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति अधिकारी प्रथम कौशिक को दिल्ली के द्वारकापुरी में रहने वाले अतुल कुमार पिता राजीव रंजन प्रसाद ने 2 दिन पहले कॉल किया और बताया कि केन्द्र सरकार में संयुक्त सचिव होना बताकर 12 अप्रैल को परिवार के साथ महाकालेश्वर बाबा की भस्मारती में शामिल होने की बात कहीं। अतुल कुमार द्वारा जिला प्रशासन प्रोटोकॉल अधिकारी को भी कॉल किया और सर्किट हाऊस में 2 कमरे बुक कराने



की बात कहीं। शनिवार को अतुल कुमार पत्नी, बच्चों और दोस्त अंशुल अग्रवाल के परिवार के साथ उज्जैन पहुंचा। उसने सर्किट हाऊस में कमरे बुक होने की बात कहीं। स्टॉफ ने परिचय पत्र मांगा तो आनाकानी करने लगा। जिसके चलते संबंधित मंत्रालय से जानकारी प्राप्त की गई तो पता चला कि इस नाम का कोई अधिकारी पदस्थ नहीं है। मामला फर्जी अधिकारी का उजागर होने पर पुलिस को सूचना दी गई। महाकाल थाना पुलिस ने रात में अतुल कुमार को हिरासत में लिया। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि फर्जी संयुक्त सचिव बनकर भस्मारती की अनुमति मांगने पर उसके खिलाफ धारा 319 (2) और 204 भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज किया गया। वहीं रविवार को प्रतिबंधात्मक धारा में कोर्ट पेश किया। जहां से जमानत पर उसे रिहा कर दिया गया।



#### पूर्व में एयरपोर्ट पर करता था काम

बताया जा रहा है कि खुद को भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी और केन्द्र सरकार के एविएशन मंत्रालय में संयुक्त सचिव बताने वाला अतुल कुमार पूर्व में एयरपोर्ट पर काम करता था। जहां उसने एयरपोर्ट पर आने वाले मंत्री, अधिकारियों को देख अपने हावभाव उनके जैसे करना शुरू कर दिया था। उसके बाद उसने अपनी धाक जमाने के लिये फर्जी अधिकारी बनकर भस्मारती की अनुमति प्राप्त करने का प्रयास किया।

#### दोस्त बोला पता नहीं था ऐसा करेगा

फर्जी संयुक्त सचिव के साथ आये दोस्त अंशुल अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि उन्हे पता नहीं था कि अतुल इस तरह का काम करेगा। उज्जैन आने से पहले ही अतुल से ऑनलाइन होटल बुक कराने की बात कहीं थी। उसने कहा था कि सब हो जायेगा। अतुल की पत्नी भी पति की हरकतों से खुद को अंजान बता रही थी।

## युवक को लगी गोली की उलझी गुत्थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ढांचाभवन में शनिवार-रविवार युवक को लगी गोली की गुत्थी उलझती दिखाई दे रही है। गोली लगाने का जहां स्थान बताया गया वहां खून का काफी कम स्पॉट मिला है। आसपास के लोगों ने गोली चलने की आवाज सुनाई नहीं देने की बात कहीं। वहीं एक मकान में काफी खून मिलना भी सामने आया है। आशंका जताई जा रही है कि घटना साजिश हो सकती है।

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि ढांचा भवन में रहने वाला अतिक पिता विपीन माहुरकर 18 साल घायल हालत में रात को थाने पहुंचा था और बताया था कि एक्टिवा से आये 2 नकाबपोशों ने उसे गोली मारी है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद जांच शुरू की गई। इस दौरान जहां घटना होना बताई गई वहीं खून काफी कम मिला है। आसपास के लोगों से पूछताछ करने उन्होने भी गोली चलने की पुष्टि नहीं की। घायल के बयान दर्ज करने पर उसका कहना था कि एक नकाबपोश के हाथ टेटू बना हुआ था, जो आला बाथम के हाथ भी है। उससे एक माह पहले विवाद हुआ था। गोली मारने वाला आला बाथम है। उसने बताया कि घटना के बाद बंटी मालवीय ने उसे रौनक गुर्जर के पिता मनोहर गुर्जर के घर छोड़ा था। बंटी से पूछताछ करने उसने छोड़ने की बात से इंकार कर दिया। उसका कहना था कि अतिक ने एक्टिवा मांगी थी, उसके बाद अतिक को छोड़ चला गया था। उसे घटना का पता नहीं है। मनोहर गुर्जर का नाम सामने आने पर पुलिस वहां पहुंची तो काफी खून होना पाया गया है, मामले की जांच जारी है। घायल के कहने पर हमले का प्रकरण दर्ज किया गया है। आला बाथम का पता लगाया जा रहा है, उसके शहर से बाहर होने की खबर सामने आ रही है। फिलहाल क्षेत्र में लगे कैमरों के फुटेज देखे जा रहे हैं।

## तपोभूमि चौराहा से भागने की फिराक में थी लुटेरी दुल्हन, साथियों की तलाश जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इंदौररोड तपोभूमि चौराहा से लुटेरी दुल्हन के भागने का चौकाने वाला मामला सामने आया है। यातायात निरीक्षक की सूचना पर नानाखेड़ा थाना पुलिस ने दुल्हन को हिरासत में लेकर उसके गिरोह में शामिल साथियों की तलाश शुरू की है।

यातायात निरीक्षक खेमराज पहाडिया तपोभूमि चौराहा पर टीम के साथ वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। उसी दौरान इको गाड़ी क्रमांक एमपी 20 सीबी 8261 को रोका गया, उसमें कुछ लोग सवार थे। तभी गाड़ी में बैठी एक महिला ने कहा कि उसे जबरदस्ती लेकर जा रहे है। सभी को गाड़ी से बाहर निकाला गया, उसी दौरान महिला ने भागने का प्रयास किया, लेकिन गाड़ी में सवार महिला और कुछ लोगों ने भाग रही महिला को पकड़ लिया। यातायात निरीक्षक पहले तो कुछ समझ नहीं पाये, जब पूछताछ की गई तो पता चला मामला लुटेरी दुल्हन गिरोह और लेनदेन से जुड़ा है। तत्काल मामले की सूचना नानाखेड़ा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और लुटेरी दुल्हन के साथ सभी को थाने ले आई। जहां श्यामा पति कवंरलाल मोंगिया निवासी ढिकनीया धमोत्तर प्रतापगढ़ राजस्थान की शिकायत पर लुटेरी दुल्हन ज्योति पति धर्मेन्द्र जाट, उसके गिरोह में शामिल संगीता निवासी इंदौर और काजी कुमावत निवसी ग्राम रेवास देवड़ा मंदसौर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव ने बताया कि गिरोह में शामिल साथियों की तलाश जारी है। जल्द गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जायेगा। शिकायतकर्ता श्यामा मोंगिया ने बताया कि उसके भाई पप्पू की शादी के लिये रिश्ता देख रहे थे। इस दौरान गांव अम्बाउ में रहने वाली मम्मी कमलाबाई ने कहा कि गांव आजा तेरे भाई पप्पू के लिये रिश्ता देखा है। वह गांव पहुंची तो पता चला कि ग्राम रेवासदेवड़ा के काजी कुमावत ने इंदौर में लड़की दिखाने की बात कहीं है। वह किराये की गाड़ी से बहन पेपाबाई, भाई पप्पू और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ किराये की गाड़ी से इंदौर पहुंचे। काजी ने 4 हजार का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कराया। इंदौर पहुंचने पर काजी एक मकान पर ले गया। जहां ज्योति और संगीता मौजूद थे। ज्योति से शादी कराने की बात कहीं और डेढ़ लाख रुपए मांगे। रूपयों की पहले ही बात तय हो गई थी। काजी को रुपए दिये गये। उसने ज्योति को साथ भेजा दिया और खुद दूसरी गाड़ी से उज्जैन चलने के लिये कहा, जहां शादी की लिखा-पढ़ी करना तय हुआ था। लेकिन रास्ते में ज्योति ने भागने का प्रयास किया।

### 43 दिन बाद दिल्ली से जीआरपी की गिरफ्त में आया शातिर बदमाश

# दोस्ती कर चुराया था मोबाइल, खाते से निकाले थे हजारों रुपए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। रेलवे स्टेशन पर अंवतिका होटल की डोर मेटरी में ठहरे यात्री से दोस्ती कर उसका मोबाइल चोरी करने के बाद खाते से रुपए निकालने और दोस्तों से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कराने वाला शातिर बदमाश को जीआरपी ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि 28 फरवरी को दिल्ली के मयूर विहार में रहने वाले गोपाल गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अवंतिका होटल में ठहरे था। उसकी पहचान होटल में उत्तरपूर्वी दिल्ली के रहने वाले आशु कौशिक से हुई थी। रात में आशु मोबाइल चुराकर भाग निकला है। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई, इस बीच पता चला कि गोपाल गुप्ता के वाट्सग्रुप से



जुड़े दोस्तों को उसने मैसेज कर हजारों रूपयों का ट्रांजेक्शन भी करा लिया है। यहीं नहीं मोबाइल के जरिये खाते से रुपए भी निकाले है। मामला गंभीर होने पर सायबर टीम की मदद ली गई और चोरी किये गये मोबाइल की लोकेशन ट्रेस करना शुरू किया। 43 दिन बाद लोकेशन मिलने पर आशु कौशिक को उत्तरपूर्वी दिल्ली से गिरफ्तार कर चोरी किया 45 हजार कीमत का सेमसंग मोबाइल और 5 हजार रुपए बरामद किये गये। उसके पास से 72 हजार रुपए कीमत का वन प्लस मोबाइल भी मिला। उज्जैन लाकर पूछताछ करने पर पूरे मामले का खुलासा हुआ और पता चला कि पूर्व में आशु द्वारा अपने दोस्त का मोबाइल चोरी इसी तरह की वारदात को अंजाम दिया था। दिल्ली में उसके खिलाफ प्रकरण भी दर्ज है। शातिर मोबाइल चोरी के गिरफ्त में आने पर उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

#### फोन-पे एप्लीकेशन से पता किया पासवर्ड

मोबाइल चोरी कर हजारों का रुपए ट्रांजेक्शन कराने वाले आरोपी से पूछताछ में पता चला कि उसने गोपाल गुप्ता से दोस्ती की थी। वह साथ में उज्जैन के धार्मिक स्थलों पर घूमा और साथ खाना खाया। इस दौरान उसने गोपाल को मोबाइल का उपयोग करते देख लिया था और पेटर्न लॉक पता कर लिया था। रात में मोबाइल चुराने के बाद उसने फोन पे एप्लीकेशन से पासवर्ड प्राप्त किया और खाते से कुछ रुपए निकाले। उसके बाद वाट्सएप ग्रुप में गोपाल के दोस्तों को मैसेज कर रूपयों की जरूरत होने पर खाते में ट्रांजेक्शन कराया। उसके बाद ऋषिकेश पहुंचकर दोस्तों से कराये गये ट्रांजेक्शन से वन प्लस मोबाइल खरीदा था।

#### हिरासत में आया बिहार को बदमाश

जीआरपी थाना प्रभारी भावसार के अनुसार रविवार को रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 1 के मुसाफिर खाने से यात्री ओमप्रकाश मेघवाल निवासी नीमच का चार्जिंग पर लगा मोबाइल चोरी हो गया था। मामले में आरपीएफ निरीक्षक नरेन्द्र यादव के समन्वय से प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये और 8 घंटे में मोबाइल चोरी करने वाले बिहार पूर्वी चंपराण के ग्राम छिटकहिया रामगढ़वा रघुनाथपुर के बदमाश जमाल रेजा पिता जाकिर हुसैन को गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद कर लिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com